दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com

वर्ष- 2 | अंक-132 | दिल्ली, सोमवार 24 जून 2024 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित

**विचार**

" विश्वास वह पक्षी है जो प्रभात के पूर्व अंधकार में ही प्रकाश का अनुभव करता है और गाने लगता है "

रवींद्रनाथ ठाकुर


पेज 4

## न्यूज. ब्रीफ

### सउदी में 1150 हज यात्रियों की मौत

मक्का। सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान अब तक 1150 हज यात्रियों की मौत हो गई है। इनमें सबसे ज्यादा मिस्र के 658 हैं। इसके बाद इंडोनेशिया के 199 और भारत के 98 हैं। वहीं जॉर्डन से 75, ट्यूनीशिया से 49 पाकिस्तान से 35 और ईरान से 11 हज यात्रियों की मौत की खबर है। सऊदी अरब ने अभी तक अपने नागरिकों की कुल मौत का आंकड़ा जारी नहीं किया है, इसलिए आशंका है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ेगी। मिस्र के मारे गए 658 हज यात्रियों में से 630 बिना वीजा के हज के लिए गए थे। इस भयावह समस्या से निपटने के लिए मिस्र ने क्राइसिस सेंटर का गठन किया है।

### नासा पर 80,000 डॉलर का केस

फ्लोरिडा। अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत में एक परिवार ने अंतरिक्ष एजेंसी नासा पर 80,000 डॉलर (करीब 66 लाख 85 हजार भारतीय रुपए) का केस किया है। दरअसल 8 मार्च 2021 को अंतरिक्ष से 700 ग्राम वजन के मलबे का एक टुकड़ा उनके घर पर गिर गया था जिससे उनकी छत टूट गई। इस घटना के बाद नासा ने कहा था कि ये मलबा इस्तेमाल हो चुकी बैटरियों के कार्गो पैलेट का हिस्सा था जिसे 2021 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से कचरे के रूप में छोड़ा गया था। अमेरिकी स्पेस एजेंसी ने कहा कि वायुमंडल में प्रवेश करने के बाद भी ये पूरी तरह से नष्ट नहीं हो पाया।

### प्रज्वल का भाई सूरज रेवन्ना भी गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में फंसे जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना के बाद अब उसके भाई सूरज रेवन्ना को भी पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। सूरज पर सेक्शुअल हैरेसमेंट का केस दर्ज किया गया है। जेडीएस पार्टी के एक कार्यकर्ता ने सूरज पर समलैंगिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। गिरफ्तार के बाद कर्नाटक पुलिस ने केस सीआईडी को ट्रांसफर कर दिया है। आरोप लगाने वाले युवक का दावा है कि 16 जून को जेडीएस एमएलसी सूरज रेवन्ना ने उसे अपने फार्महाउस पर बुलाया था। यहां सूरज ने उसे जबरदस्ती चूमा, उसके होंठ और गालों को दांतों से काटा।

### निमार्णाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा

पूर्वी चंपारण। एक सप्ताह के अंदर बिहार में अब तीसरा पुल हादसा हुआ है। इस बार पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा निमार्णाधीन पुल भरभरा कर गिर गया। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोग बिहार सरकार पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड अमावा से चैनपुर स्टेशन की ओर जाने वाली सडक पर बन रहे पुल की ढलाई का काम कई दिनों से चल रहा था। शनिवार को पूल के एक हिस्से की ढलाई भी हुई थी। अचानक रात में करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिर गया।




# आईईडी ब्लास्ट में दो जवान शहीद

## नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के ट्रक पर किया ब्लास्ट

*सुकमा। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की तरफ से नक्सलियों के खिलाफ लगाताार कार्रवाई की जा रही है। जवानों की कार्रवाई से बौखलाए नक्सलियों करतूत सामने आई है। सुकमा और बीजापुर की सरहद पर बसे सिलगेर और टेकुलगुडम के पास नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट करने से कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। जवानों के पार्थिव शरीर को घटना स्थल से निकाला जा रहा है। नक्सलियों ने जवानों के ट्रक पर आईईडी ब्लास्ट किया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मामले की पुष्टि की है। इधर, नक्सली हमले की सूचना पर अतिरिक्त बल को मौके पर भेजा गया है। इलाके में अब सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है।जानकारी के मुताबिक रविवार को जगरगुंडा थाना क्षेत्र के सिलगेर कैम्प से कोबरा 201 वाहिनी की एडवांस पार्टी का मूवमेंट आरओपी ड्यूटी के दौरान ट्रक और मोटर साइकिल से कैम्प टेकलगुडेम की तरफ था। सिलगेर व टेकुलगुडम जाने के रास्ते मे नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट किया गया था। मूवमेंट के दौरान रविवार दोपहर तीन बजे के करीब आईईडी की चपेट से कोबरा 201 वाहिनी के ट्रक जिसमें चालक और सहचालक जवान मौके पर बलिदान हो गए। बताया गया है कि जवानों में विष्णु आर और शैलेंद्र शामिल हैं। बाकी सभी जवान सुरक्षित हैं। जवानों के पार्थिव शरीर को घटना स्थल से निकाला जा रहा है।*

# 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से

## आज से दो दिन सांसद लेंगे शपथ, 26 को स्पीकर का चुनाव





**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा को पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र यह 3 जुलाई तक चलेगा। 10 दिन में कुल 8 बैठकें (29-30 जून को छुट्टी) होंगी। सोमवार को सबसे पहले प्रोटेम स्पीकर भर्तुहरि महताब राष्ट्रपति भवन जाकर शपथ लेंगे। इसके बाद वे सुबह लोकसभा पहुंचेंगे। संसद सत्र के पहले दिन सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्री बतौर सांसद शपथ लेंगे। इस तरह पहले दिन 280 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। दूसरे दिन यानी 25 जून को 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। इसके बाद 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। 28 जून को सरकार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा होगी। सत्र के आखिरी दो दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सरकार धन्यवाद प्रस्ताव लाएगी और दोनों सदनों में चर्चा होगी। 10 साल बाद पहली बार पीएम मोदी के सामने मजबूत विपक्ष होगा। पिछले हफ्ते नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी, तीन क्रिमिनल लॉ, लोकसभा चुनाव के बाद शेयर बाजार में हुई गड़बड़ी के आरोपों पर विपक्ष इस बार हंगामा कर सकता है। पिछली 17वीं लोकसभा की तुलना में 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 40 दिन छोटा है। 2019 में नरेंद्र मोदी ने 30 मई को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और 17 जून को संसद का पहला सत्र शुरू हो गया था। हालांकि इसमें नई सरकार का बजट सत्र भी शामिल था। वहीं इस बार 9 जून को पीएम का शपथ ग्रहण हुआ और पहला सत्र 15 दिन बाद शुरू हुआ।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण

27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा में सुबह 11 बजे अभिभाषण देंगी। इसमें केंद्र सरकार के अगले 5 साल के कार्यक्रम का रोडमैप पेश करेंगी। 17वीं लोकसभा में तब के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दोनों सदन को 1 घंटे संबोधित किया था। इसी दिन राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू हो जाएगा। इस साल 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटें खाली हुईं थीं। जिनमें 41 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुनाव जीत गए। वहीं फरवरी में 15 सीटों पर हुई वोटिंग में यूपी की 8 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की, सपा को दो सीट मिलीं। कर्नाटक में कांग्रेस को 3, भाजपा को 1 मिली थी। वहीं हिमाचल की एक सीट भी भाजपा के खाते में आई थी।

### 10 साल बाद कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी मिलेगी

लोकसभा में इस बार नेता प्रतिपक्ष भी होगा। पिछले 10 साल से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली है, क्योंकि 2014 के बाद से किसी भी विपक्षी दल के 54 सांसद नहीं जीते। मावलंकर नियम के तहत नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए लोकसभा की कुल संख्या 543 का 10व यानी 54 सांसद होना जरूरी है। 16वीं लोकसभा में मल्लिकार्जुन खडगे 44 सांसदों वाले कांग्रेस संसदीय दल के नेता थे, लेकिन उन्हें नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं था। 17वीं लोकसभा में 52 सांसदों की अगुवाई अधीर रंजन चौधरी ने की थी। उन्हें भी कैबिनेट जैसे अधिकार नहीं थे।

### इंदौर में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

# हमलावरों ने चारों तरफ से की ताबड़तोड़ फायरिंग, शहर में तनाव



**इंदौर।** मप्र के आर्थिक शहर इंदौर में भाजपा के युवा नेता और केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के करीबी माने जाने वाले मोनू कल्याणे की शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 2 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई है। शहर के एमजी रोड इलाके के चिमनबाग चौराहे पर भाजपा नेता को चारों तरफ से घेरकर उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई है। घटना में मोनू कल्याणे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही इलाके में भारी पुलिसभल तैनात कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि, घटना के बाद मोनू के साथी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस सनसनीखेज हत्याकांड की जांच में जुटी पुलिस ने अबतक दो हत्यारों की पहचान कर ली है। पुलिस ने अबतक अर्जुन पथरोड़ और पीयूष पथरोड़ नाम के दो लोगों को भाजपा नेता की हत्या का आरोपी बताया है। फिलहाल, दोने की गिरफ्तारी के लिए धरपकड़ शुरू कर दी गई है। आरोपियों के घर में लगाई गई आग इधर, घटना के बाद इलाके में तनाव के हालात है। मोनू कल्याड़े हत्याकांड में दो आरोपियों के नाम सामने आने के बाद भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने आरोपियों के घर में तोडफोड़ और आगजनी भी की है। इस दौरान आरोपियों के घर के बाहर खड़ी कई गाडि ?ों को आग के हवाले भी किया गया है। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग आरोपी के घर और वाहनों में आग लगाते दिख रहे हैं, जबकि वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा है, ह्यबदला अभी बाकी है। वहीं, मृतक युवा नेता के घर के बाहर भी लोगों की भारी भीड़ जमा है। फिलहाल, मौके पर भारी पुलिसबल तैनात है। आला अधिकारी खुद हर एक परिस्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। मृतक के घर पहुंचे कैलाश और आकाश मोनू की हत्या के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और उनके बेटे पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय अपने समर्थकों के साथ उनके घर पहुंचे।

### पुरानी रंजिश में हत्या

बताया जा रहा है कि, पुरानी रंजिश के चलते मोनू कल्याणे की हत्या की गई है। हत्या के दोनों आरोपी मृतक के घर के पड़ोस में ही रहते हैं। जानकारी ये भी है कि दोनों मोनू के दूर के रिश्तेदार भी हैं।

## गोवंश हत्याकांड में जांच तेज

### जहां सिर काटकर की थी गायों की हत्या, वहां पहुंचे कमिश्नर और आईजी

**सिवनी।** सिवनी में 71 गायों का सिर काटकर उनकी निर्मम हत्या का मामला गरमा गया है। इस घटना पर अब खुद सीएम डॉ. मोहन यादव ने संज्ञान लिया है और अफसरों को इसकी जांच के निर्देश दिए। जिसके बाद इस गौवंश हत्याकांड की जांच तेज कर दी गई है। रविवार को कमिश्नर और आईजी घटनास्थल पहुंचे हैं जहां गायों का शव बरामद हुए थे। सीआईडी की टीम शनिवार देर शाम इस स्थान का निरीक्षण कर चुकी है। धूमा थाना इलाके में कमिश्नर, आईजी सहित अन्य स्थानीय आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। मुख्यमंत्री के आदेश पर बनी उच्च स्तरीय जांच टीम सीआईडी ने गरघटिया धूमा थाना क्षेत्र के घटनास्थल का मुआयना किया गया था। गरघटिया एवं अगरतला के बीच जंगल का यह पूरा मामला है।

## तमिलनाडु जहरीली शराब केस में अबतक 56 मौतें

**कल्लाकुरिची।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या रविवार को 56 हो गई। आज जिला प्रशासन की जारी रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। डीएम की रिपोर्ट में बताया गया हैकि जहरीली शराब पीने से बीमार हुए कुल 216 लोगों को चार अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। रिपोर्ट में बताया गया है कि पुडुचेरी के जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में 17 मरीज का इलाज चल रहा। 3 की मौत हो गई है। विलुपुरम मेडिकल कॉलेज में भर्ती 4 लोगों की मौत हो चुकी है। अन्य 4 का इलाज जारी है। सबसे ज्यादा मौतें कल्लाकुरिची मेडिकल कॉलेज में हुईं, जहां 31 लोग मारे गए और 108 लोगों का इलाज जारी है। डीएम की रिपोर्ट के मुताबिक, सलेम मेडिकल कॉलेज में 30 लोगों का इलाज जारी है।

## 15 हजार करोड़ का जीएसटी फ्रॉड मामला

### महिला अरबपति कोयंबटूर से गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस टीम ने 15 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के जीएसटी फ्रॉड के मामले में रविवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने फजीर्वाड़े में शामिल महिला अरबपति कोयंबटूर से गिरफ्तार किया है।
मामले में अब तक कई अरबपति कारोबारियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक, इस मामले में 40 से ज्यादा आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी हो चुकी है। साथ ही 33 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई है। इससे पहले पुलिस ने तीन अरबपति कारोबारियों को गिरफ्तार किया था। तीनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम था। तीनों कारोबारी बीते नौ माह से फरार चल रहे थे। 10 अप्रैल को दिल्ली के तिलक नगर निवासी कारोबारी तुषार गुप्ता को उसके कार्यालय से गिरफ्तार किया था।

### नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने शुरू की जांच

## अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पहली एफआईआर दर्ज




**नई दिल्ली।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले ने इन दिनों देशभर में सुर्खियां बटोरीं हैं। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 5 मई को आयोजित की कई नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओ और धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपा गया है। विपक्ष और सामाजिक संगठन नीट यूजी का पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे हैं।

### बिहार के बाद अब महाराष्ट्र का कनेक्शन

नीट-यूजी पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवॉड ने शक के आधार पर पकड़ा। पुलिस को शक है कि ये दोनों अध्यापक नीट पेपर लीक मामले में शामिल हो सकते हैं। दोनों महाराष्ट्र के जिला परिषद स्कूलों में पढ़ाते हैं। साथ ही दोनों लातूर में निजी कोचिंग सेंटर भी संचालित करते हैं। पुलिस ने दोनों से कई घंटे तक पूछताछ की और फिर जाने दिया।

**सट्टेबाजी** अवैध सट्टे का बाजार बन रहा बड़ा जोखिम...

# हर साल 8 लाख करोड़ का खेल!

**नई दिल्ली।** भारत में अवैध सट्टे का कारोबार बढ़ रहा है और विभिन्न माध्यमों से इसमें डिपॉजिट होने वाली रकम का आंकड़ा सालाना आधार पर 100 अरब डॉलर के होने का अनुमान है। सेंटर फॉर नॉलेज सॉवरेन्टी की रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। देश में अवैध जुआ और सट्टेबाजी से पैदा होने वाले बड़े जोखिम पर रोशनी डालते हुए इसमें कहा गया है कि ऑफशोर गेमिंग, सट्टेबाजी और जुए के ऐप्स का प्रसार राष्ट्रीय सुरक्षा और डेटा संप्रभुता के लिए खतरा पैदा करता है। डिपॉजिट में सालाना 30 फीसदी का इजाफा पब्लिक पॉलिसी थिंक टैंक सेंटर फॉर नॉलेज सॉवरेन्टी ने एक श्वेत पत्र में इन आंकड़ों से पर्दा हटाया है। इसका विषय भारत में अवैध जुआ और सट्टेबाजीः जोखिम, चुनौतियां और प्रतिक्रियाएं था। जो देश में ऑनलाइन गेमिंग, जुआ और सट्टेबाजी के क्षेत्र में विदेशी कंपनियों की बढ़ती उपस्थिति से जुड़ी चिंताओं पर प्रकाश डालता है। इसे




लेफ्टिनेंट जनरल विनोद जी खंडारे और विनीत गोयनका फाउंडर सेक्रेटरी सीकेएस द्वारा तैयार किया गया है। पैसे को मनी लॉन्ड्रिंग-क्रिप्टो खरीद में इस्तेमाल इस श्वेत पत्र में दिए गए आंकड़ें इस बात पर प्रकाश डालते हैं, कि कैसे अवैध सट्टा और जुआ, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, वित्तीय स्थिरता और डेटा संप्रभुता पर बड़ा प्रभाव डाल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें खासतौर पर अवैध सट्टेबाजी कराने वाली साइटों और विदेशी संस्थाओं से इनके संबंध, जासूसी और डेटा उल्लंघनों के बारे में चिंताएं बढ़ाने वाला है। इसके अलावा इन ऑपरेटरों से जुड़े संदिग्ध लेन-देन का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग और क्रिप्टोकरेंसी खरीदने के लिए किया गया है, जिससे भारत की वित्तीय अखंडता प्रभावित हो रही है। यही नहीं रेग्युलेशन की कमी के चलते टैक्सेशन के माध्यम से जुटाए जाने वाले राजस्व में कमी का कारण बन रहा है। साइबर क्राइम में इजाफे का बन रहा कारण बात करें इसके और साइडइफेक्ट्स के बारे में तो अवैध सट्टेबाजी और जुआ से जुड़ी गतिविधियों में हो रहा इजाफा साइबर सुरक्षा के खतरों और साइबर अपराधों में भी वृद्धि हुई है।

### जुए-सट्टेबाजी के विज्ञापनों पर लगे रोक

हालांकि, इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पैसे से जुड़े खेलों में शामिल होने की अंतर्निहित मानवीय प्रवृत्ति को पहचानना जरूरी है, इस जुए के खेल पर पूरी तरह से पाबंदी प्रभावी नहीं हो सकती। इसके लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की जरूरत है, जिसमें रेग्युलेशन और निगरानी शामिल है। अवैध सट्टेबाजी और जुए में नागरिकों के बीच लत का कारण बनने और वित्तीय बबार्दी को बढ़ावा देने की क्षमता है और इसके सामाजिक व आर्थिक प्रभावों पर गहराई से विचार करते हुए, श्वेत पत्र अवैध जुए के विज्ञापनों को रोकने के लिए सख्त नियमों की सिफारिश की गई है।



# भाजपा सांचौर द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथी पर श्रद्धा सुमन किए अर्पित

♦भारत टाइम्स♦

**सांचोर (सतीश सुंदेशा )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के निदेर्शानुसार भाजपा सांचौर द्वारा सांचौर के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरपतसिंह अरणाय ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवम् उनके द्वारा राष्ट हित में दिए गए योगदान के बारे में बात की । डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम जब भी सामने आता है तो एक हिंदूवादी नेता की छवि उभरती है. उनको जनसंघ का संस्थापक तो माना ही जाता है, जो बाद में भारतीय जनता पार्टी बनी पर एक देश, एक निशान, एक विधान और एक प्रधान के संकल्प के अगुवाकार के रूप में भी उनको जाना जाता है। हालांकि, भारत के विकास में भी उनका बड़ा योगदान है। पूर्व जिला प्रमुख ,सांचौर



विधानसभा संयोजक बन्नेसिंह गोहिल ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि "या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूंगा"। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिये 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। जेल में उनकी मृत्यु ने देश को हिलाकर रख दिया और परमिट सिस्टम समाप्त हो गया। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था,ह्लनहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान कार्यक्रम के अंत में सांचौर नगर अध्यक्ष शंभूसिंह राव ने सबका आभार व्यक्त किया । इस दौरान प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ प्रदेश सयोजक नरपत सिंह अरणाय पूर्व जिला बन्नेसिंह गोहिल, प्रदेश चिकत्सा प्रकोष्ट सहसंयोजक शीला विश्नोई, जिला मिडिया संयोजक भावेश सोनी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड़सिंह राव बोरली सांचौर नगर अध्यक्ष शंभूसिंह अमराराम देवासी, अल्पसख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सायब खा सांचौर नगर महामंत्री सोहन खत्री मांगीलाल दर्जी पार्षद विक्रम ग्वारिया,पार्षद मोडाराम बुनकर, पार्षद पवन जीनगर, पुराराम चौधरी, भीखाराम कुराड़ा, बाबूनाथ गोस्वामी शांतिलाल मेघवाल, राणाराम पुरोहित, राजेश सेन,भाजयुमो नगर अध्यक्ष भरत जीनगर, छौगाराम चौधरी गणपत पटेल अमराराम चौधरी, नरेश पुरोहित, चंपालाल खत्री, हिमांशु सोनी, सहित भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।




## इंडोनेशिया में हुए अंतरराष्ट्रीय योग सममेलन में सममानित हुई अलवर की मधुबाला मीणा

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर /राजेश गुप्ता।** इंडोनेशिया में संपन्न हुए अंतरराष्ट्रीय योग सममेलन और संगोष्ठी में अलवर के गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय की सहायक आचार्य ने योग पर शोध पत्र पढ ? पर सममानित किया गया। हिदू नेगेरी सुग्रीव यूनिवर्सिटी देनपसार बाली, इंडोनेशिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रो. मधुबाला मीना ने भाग लिया। संगोष्ठी में मधुबाला मीणा ने बताया कि योग भारत की देन है जिस पर चलकर पूरा विश्व हजारों वर्षों से स्वास्थ्य लाभ उठा रहा है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विज्ञान और तकनीक के अधिक विकास के बावजूद योग को और अधिक लोकप्रिय बनाया जाना चाहिए जिसको विद्यालय और महाविद्यालयों में अनिवार्य घोषित किया जाए। यह एक स्वस्थ्य रहने की जीवन शैली है जिस पर चलकर ही हम असाध्य बीमारियों से बच सकते हैं।

इस शोध पत्र पर इन्हें शॉल ओढ़ाकर और इंडोनेशिया सरकार की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। इंडोनेशिया के विश्वविद्यालय के कुलपति की ओर से इन्हें विशेष आमंत्रित सदस्य और वकता के रूप में सममानित किया। इनकी पुस्तक भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण का विमोचन भी इंडोनेशिया में हुआ जिसका शीघ्र ही भारत में भी विमोचन होगा। इनकी इस उपलबिध पर अलवर में इनका अभिनंदन किया जाएगा। मधुबाला पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सममानित हो चुकी हैं।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई



♦भारत टाइम्स♦

**भीनमाल( सतीश सुंदेशा )।** स्थानीय प्रगटेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण मे जनसंघ के संस्थापक स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कि पुण्यतिथि मनाई गयी। प्रदेश मंत्री सांवलाराम देवासी ने मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश मे एक विधान एक निशान हो यह सपना हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साकार किया एवं उनके द्वारा पार्टी को दिए गए योगदान के बारे में बताया। वरिष्ठ भाजपा नेता शेखर व्यास ने बताया कि मुखर्जी ने बाल्यकाल से युवावस्था तक समाजसेवा व देश सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन न्यौछावर कर दिया एवं एक नारा था जहां बलिदान हुए मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है और यह सपना साकार हुआ। स्वामी दिव्य स्वरूपदास ने मुखर्जी के राजनैतिक एवं सामाजिक महत्व को बताया। वरिष्ठ नेता जोरावर सिंह ने मुखर्जी के गुणो का व्याख्यान किया। इस मौके पर सुरेश बंजारा,महामंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष प्रवीण एम दवे,नरपतसिंह लोल, कुलदीप याज्ञी, सुरेश वोरा, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ईराणी,वालाराम घांची,संजय देवासी, अजमल बंजारा ,जानकीदास वैष्णव, चन्द्र प्रकाश अग्रवाल,हकसिंह राव, कालुसिंह , कुलदीप याज्ञी,भरत महेश्वरी, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भरतसिंह राव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## बेरोजगार कॉविड स्वास्थ्य सहायक नर्सेज अध्यक्ष: बी.एस. मीणा व प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों ने दिया वन एवं पर्यावरण मंत्री को नौकरी बहाली हेतु सौंपा ज्ञापन

♦भारत टाइम्स♦

**राजगढ़ अलवर।** राजस्थान में कोरोना जैसी गंभीर महामारी में कार्य करने वाले नर्सेज द्वारा राजस्थान के लोगो को कोरोना बीमारी से घृषित होने से बचाया।लेकिन राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा इनकी सेवा समाप्त कर बेरोजगार कर दिया गया।दो साल से बेरोजगार हुए नर्सेज वापस से अपनी नौकरी बहाली की मांग को लेकर बीजेपी सरकार के मंत्रियो से कर रहे है मुलाकात। विपक्ष में रहकर बीजेपी सरकार के सभी मंत्रियों ने किया था कोरोना वॉलिंटियर्स से वादा की जैसे ही राजस्थान में बीजेपी सरकार आती है। हम आपको नौकरी वापस देंगे। इसी वादे को याद दिलाते हुए अलवर से बेरोजगार कोविड स्वास्थ्य सहायक नर्सेज के प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य सुरेश यादव,बबली,राहुल शर्मा,सुभाष शर्मा,प्रिंस,साशी बाला आदि ने वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन देते हुए बताया कि स्वास्थ्य सहायकों की पुनः नौकरी बहाली की जावे। नोकरी बहाली की मांग को लेकर वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा को दिया गया ज्ञापन।

## पैर फिसलने से कुएं में जा गिरा युवक, 15 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद

♦भारत टाइम्स♦



**देवगढ़ विद्याधर वैष्णव।** थाना क्षेत्र में बग्गड़ पंचायत के धुवाला मोचेला में शनिवार शाम को युवक का पैर फिसल जाने से कुएं में जा गिरा जिसकी मौत हो गई।विस्तृत जानकारी के अनुसार दर्ज रिपोर्ट में ललित सिंह ने बताया की मेरा छोटा भाई परमजीत सिंह पिता प्रताप सिंह 17 वर्ष जो शनिवार शाम को करीब छः बजे अपनी बकरिया चरा रहा था प्यास लगने पर पास में ही कुएं पर बाल्टी से पानी निकालने लगा इसी बीच पानी निकालते वक्त परमजीत का पैर अनियंत्रित हो गया ओर कुएं में जा गिरा आस पास के लोगों ने बग्गड़ पंचायत के सरपंच विश्वम्भर सिंह को सुचना दी व प्रशासन को अवगत कराया जिस पर बग्गड़ चौकी प्रभारी कालुराम मीणा, हेडकानिस्टेबल कमल मीणा व राजेन्द्र मौकै पर पहुंचे सरपंच विक्ष्म्भर सिंह घटनास्थल पर पानी तोडने के लिए मोटर की व्यवस्था करवाई 15 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद रविवार सुबह नौ बजें क्रेन की सहायता से परमजीत के शव को बाहर निकाला ओर निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवगढ़ लाया गया जहां परमजीत को चिकित्सक टीम ने मृत घौषित कर दिया एवं शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## डॉक्टर श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी की 71 वी पुण्यतिथि मनाई



♦भारत टाइम्स♦

**देवगढ़ विद्याधर वैष्णव।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल देवगढ़ द्वारा रविवार को भाजपा कार्यालय कोतवाली चबूतरे पर मनाई गई।भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र कंसारा द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया, इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सेठिया , पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष भवर लाल शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष शोभा लाल रेगर , भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान , राजेंद्र कंसारा, कृष्णकांत उपाध्याय , अर्जुन गुजर पार्षद, ग्रामीण मण्डल महामंत्री शंकर गुर्जर,पार्षद आरती कच्छावा, पार्षद आशा सेन , पूर्व पार्षद कन्हैया लाल भाटी , एडवोकेट गोवर्धन गुर्जर,गणेश पालीवाल, गोदावरी वेद, चरण लाल हरिजन, सुनील खोखावत भागीरथ गुजर, माणक लाल सेन , आदि उपस्थित थे डॉक्टर श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी की छाया कृति पर माल्यार्पण कर उपस्थित सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

# आमेट थाना में सीएलजी सदस्यो की बैठक

♦भारत टाइम्स♦

**आमेट।** पुलिस थाना आमेट में रविवार को नगर कि सीएलजी सदस्यो की बैठक आयोजित की गई।थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह शक्तावत ने बताया की जिला पुलिस अधिकारिय के निर्देश पर आमेट थाना परिसर में नगर के व्यापार मण्डल व सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया।बैठक मे सदस्यो ने थाना क्षेत्र में हो रही चोरीयो कि वारदात की बात कही।जिस पर थानाधिकारी ने बताया की चोरी करने वाले प्राय सुने मकानो में कर रहे है। सदस्य उस मामले में आमजन को जागरूक करने व संदिगध व्यक्ति दिखने पर पुलिस को सुचना देने की बात कही। सुने मकानो में जेवरात व नकदी नहीं रखने बात कही। सीसीटीवी कैमरो में केद विडियो व फोटो में दिखने वाले सदिग्धो कि पहचान में सहयोग हेतु अपील कि गई ।पुलिस भी इन चोरियों के मध्यनजर फुटेज के आधार पर व मुखबीर आदि की मदद से चोरी



करने वाले अज्ञात बदमाशों की तलाश जारी है।बैठक में नगर पालिका चेयरमैन कैलाश मेवाडा,नेताप्रतिपक्ष रमन कंसारा,सरपंच गंगा सिह चुंडावत,भाजपा जिलामंत्री सूनील गांधी,गोपाल शर्मा,विक्रम सिंह,धुलचन्द हिरण, मनोहरलाल पितलिया,मुकेश चपलोत,ललित पालीवाल,अर्जुनलाल टेलर,राजू सोनी,गीता सोनी, मंजू सरनोत आदि उपस्थित थे।

## ढेंचा फसल हरीखाद के लिए बेहतरीन स्त्रोत है

### ढेंचा लगाकर भूमि का सुधार किया जा सकता है

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा सोहनलाल वैष्णव।** कृषि विशेषज्ञों के अनुसार मिट्टी की उर्वरा शक्ति जीवाणुओं की मात्रा एवं क्रियाशीलता पर निर्भर रहती है। जीवाणुओं का भोजन प्रायः कार्बनिक पदार्थ ही होते है।केवल कार्बनिक खादों में जैसे गोबर की खाद, हरी खाद, जीवाणु खाद द्धारा स्थाई रूप से मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढाया जा सकता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति वृद्धि के लिए हरी खाद प्रमुख है। मौजूदा समय में उर्वरकों के असंतुलन मात्रा में प्रयोग करने से दिन प्रतिदिन भूमि में उत्पादकता में ह्मस होता जा रहा। इसका सीधा असर फसल के उत्पादन पर पड़ता है। इसका मुख्य कारण है मृदा में ऑर्गेनिक कार्बन की प्रतिशत मात्रा में कमी होना। ऑर्गेनिक कार्बन की कमी के कारण मृदा की भौतिक,



जैविक एवं रसायनिक गतिविधियां प्रभावित होती है जिसके कारण उत्पादकता में कमी होना स्वाभाविक है। मृदा में पोषक तत्वों को संतुलित मात्रा बनाए रखने के लिए ढेंचा एक बेहतरीन स्त्रोत हो सकता है। जब खेत खाली हो तब इससे लगाया जाता है। ढेंचा की फसल 40-50 दिनों होने के बाद मृदा में पलट देते है। हरी खाद से मृदा के भौतिक, रासायनिक और जैविक गुणों को सन्तुलन बनाने में लाभकारी होगी। ढेंचा को हरी खाद के लिए किसी भी प्रकार की भूमि से लगा सकते है।

**आवश्यकता**

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp

9509745147
9799911545

# सुफी संत जोगा नाड़ी वाले बापू का इंतकाल मुड़ी मस्तान के तौर पर जाने जाते थे


- कौमी एकता कि मिसाल कायम रखने का काम किया

♦भारत टाइम्स♦

**फिरोज खान सिरोही।** रेवदर जो भी मुरीद ( भक्त) चौखट पर आया वो हमेशा खुश होकर गया। यह कहानी है जसवंतपुरा के समीप जाविया कि जहां पर कासमशाहा वली कि दरगाह है जहां पर लोग आने जाने से डरते थे विरान पहाड़ियों कि गोद में जहां पर जंगली जानवरों का डेरा लगा रहता था । वहां पर एक मुड़ी सुफी संत ने दरगाह पर बागबान बना दिया । उनके जीवनकाल में हमेशा पर्यावरण को बढ़ावा देने का काम किया। जहां पर



भी बैठक करते थे वहां पर पेड़-पौधे लगा देते थे ताकि हरियाली बनी रहें। जसवंतपुरा मुख्यालय से तकरीबन ₹15 किलोमीटर दूर वीरान पर्वतों के बीच कासम शाह वली कि दरगाह पर अपनी दुआओं से लाखों लोगों कि



तकदीर संवारने वाले। गरीबों कि आखरी उम्मीद और दुखियों का सहारा । जोगा नाड़ी वाले बाबा के नाम से मशहूर मुड़ी मस्तान का रविवार दोपहर 12.20 पर इंतकाल (निधन) हो गया। जैसे ही खबर फैली इनके चाहने वालों में शौक कि लहर छा गई। देर शाम को दोलपुरा में दफनाया गया जहां पर हजारों कि संख्या में मूरीदो का जमावड़ा लगा रहा। दोलपुरा में हाइवे के किनारे उनके विश्राम गृह स्थित उनके जनाजे को रखा गया और वहीं दफनाया गया। मुड़ी मस्तान हमेशा जो भी उनके पास आया जो रोता हुआ आया और हंसता हुआ चेहरा लेकर गया । जो भी आता था बस हर किसी को अपनी ओर से कहते थे जा तेरे अच्छा हो जाएगा बस इसी दुआओं से हर कोई उनका मुरीद था ।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषाहार और सेनेटरी नैपकिन घोटाले पर जांच तेज

♦भारत टाइम्स♦

**हिण्डौन सिटी।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्म पोषाहार और सेनेटरी नैपकिन वितरण में हो रही अनियमितताओं की जांच के लिए जयपुर से आए जांच दल ने रविवार को दूसरे दिन भी जांच जारी रखी। राज्य सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के संकेत दिए हैं। जांच दल की कार्रवाई ! जयपुर से आए जांच दल, जिसमें संयुक्त परियोजना समन्वयक प्रथम ओपी सैनी लेखाधिकारी रजनीकांत मीना शामिल थे, ने हिण्डौन में 10 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाकर गर्म पोषाहार और सेनेटरी नैपकिन वितरण के रिकॉर्ड








खंगाले। आंगनबाड़ी कार्यकताओं से पूछताछ के बाद जांच दल ने बताया कि अनियमितताओं की पुष्टि हुई है और दोषी अधिकारियों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। घोटाले की शिकायत ! राज्य सरकार को नगर परिषद के प्रतिपक्ष नेता दिनेश चंद सैनी द्वारा की गई शिकायत के बाद यह जांच शुरू हुई। शिकायत में कहा गया था कि पोषाहार और सेनेटरी नैपकिन वितरण केवल कागजों पर ही किया जा रहा है। पूर्व पर्यवेक्षक शशिबाला ने फर्जी हस्ताक्षरों से पोषाहार के बिलों के भुगतान की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। सैनेटरी नैपकिन वितरण में अनियमितता ! आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सेनेटरी नैपकिन वितरण में भी अनियमितताएं सामने आई हैं। वार्ड संख्या 38 द्वितीय की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी सैनी ने बताया कि नवंबर के बाद से नैपकिन की आपूर्ति नहीं हुई थी, लेकिन जांच के डर से अब आपूर्ति शुरू कर दी गई है। हाल ही में 23 जून को उन्हें चार कार्टन नैपकिन मिले, जबकि चालान पर 23 फरवरी 2024 की तारीख अंकित थी। जांच के बाद आपूर्ति ! जांच के बाद विभागीय अधिकारियों और संवेदकों ने आनन-फानन में सैनेटरी नैपकिन की आपूर्ति शुरू कर दी है। हालांकि, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नैपकिन की संख्या आवश्यकता से कम पाई गई। 370 लाभार्थियों वाले केंद्र पर 13,320 नैपकिन की जरूरत थी, लेकिन केवल आधी-अधूरी आपूर्ति की गई। सरकार की सख्त कार्रवाई ! संयुक्त निदेशक ओपी सैनी ने जांच रिपोर्ट का खुलासा करने से इंकार किया, लेकिन उन्होंने संकेत दिए कि दोषी अधिकारियों और संवेदकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार स्तर पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की तैयारी है, जिससे महिला एवं बाल विकास विभाग में सुधार हो सके। विभागीय अधिकारियों की सक्रियता! भारत टाइम्स न्यूज में भ्रष्टाचार की खबर छपने के बाद विभागीय अधिकारियों ने मामले का त्वरित संज्ञान लिया। जयपुर से आए जांच दल ने हिंडौन के आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की और कार्रवाई से बचने के लिए सेनेटरी नैपकिन के पैकेटों की आपूर्ति शुरू कर दी गई। इस घोटाले में दोषी अधिकारियों पर जल्द ही नकेल कसी जाएगी। राज्य सरकार ने जांच के आधार पर बड़ी कार्रवाई की योजना बनाई है, जिससे भविष्य में इस तरह के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों और महिलाओं को पोषाहार और सैनेटरी नैपकिन की सही आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## आईएलटी20 के तीसरे संस्करण में वैश्विक क्रिकेट सितारों की भरमार

- 69 रिटेन किए गए खिलाड़ियों में से 26 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की विभिन्न टीमों का हिस्सा थे




♦भारत टाइम्स♦

**मुंबई।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) और अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने बहुप्रतीक्षित सही मायने में वैश्विक क्रिकेट लीग झ डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी 20 सीजन 3 के आगामी संस्करण के लिए रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी की है। छह फ्रैंचाइजी टीमों ने टूर्नामेंट के तीसरे सीजन के लिए कुल 69 खिलाड़ियों को रिटेन किया है, जो शनिवार, 11 जनवरी से 9 फरवरी 2025 तक दुबई, शारजाह और अबू धाबी में खेला जाएगा। वनिन्दु हरसांगा, रोवमैन पॉवेल, ड्वेन ब्रावो, कैरोन पोलार्ड, शिमरॉन हेटमायर, सैम बिलिंग्स, डेविड विली, दासुन शनाका, सिकंदर रजा, क्रिस जॉर्डन, जेम्स विंस, अकील होसेन, जॉनसन चार्ल्स और टॉम कोहलर-कैडमोर जैसे टी20 के दिग्गज शामिल हैं। 69 रिटेन किए गए खिलाड़ियों में से 26 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की विभिन्न टीमों का हिस्सा थे, जिससे लीग की वैश्विक अपील और विश्व मंच पर सफलता रेखांकित होती है। इस साल की शुरूआत में, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) ने बताया कि लीग के दूसरे सीजन को 221 मिलियन दर्शकों ने देखा। जी एंटरटेनमेंट की व्यापक वितरण रणनीति ने भारत और दुनिया भर में व्यापक पहुंच सुनिश्चित की। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के चीफ ग्रोथ ऑफिसर आशीष सहगल ने इस घोषणा पर टिप्पणी में कहा,१डीपी वर्ल्ड आईएलटी 20 के आगामी सीजन के लिए रिटेन किए गए क्रिकेट सितारों की भरमार का खुलासा करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नामों के साथ, डीपपी वर्ल्ड आईएलटी 20 का तीसरा सीजन वैश्विक स्तर पर सबसे प्रतिस्पर्धी क्रिकेट लीगों में से एक होने का वादा करता है। लीग में अंतरराष्ट्रीय अपील और रुचि बढ़ती जा रही है, और हम इस क्रिकेट के खेल को दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाने के लिए रोमांचित हैं। सीजन 3 में दुनिया भर से कई विश्व स्तरीय और अनुभवी टी20 खिलाड़ी देखने को मिलेंगे। छह में से प्रत्येक फ्रेंचाइजी ने यूएई के दो-दो खिलाड़ियों को रिटेन किया है। सीजन 3 के लिए बनाए गए यूएई खिलाड़ियों में आदित्य शेट्टी और अलीशान शराफू (अबू धाबी नाइट राइडर्स), अली नसीर और तनिष सूरी (डेजर्ट वाइपर्स), हैदर अली और राजा आकिफ (दुबई कैपिटल), अयान अफजल खान और मोहम्मद जोहैब जुबैर (गल्फ जायंट्स), मुहम्मद रोहिद खान और मुहम्मद वसीम (एमआई एमिरेट्स), जुनैद सिद्दीकी और मुहम्मद जवादुल्लाह (शारजाह वॉरियर्स) शामिल हैं। खिलाड़ियों की रिटेंशन विंडो पूरी होने के बाद, टीमें अब मौजूदा प्लेयर एक्विजिशन विंडो में नए खिलाड़ियों को साइन कर सकती हैं, जो 15 सितंबर तक खुली रहेगी। अक्टूबर में आयोजित होने वाले आईएलटी 20 डेवलपमेंट टूर्नामेंट के पूरा होने के बाद प्रत्येक फ्रैंचाइजी कम से कम दो अतिरिक्त यूएई खिलाड़ियों को साइन कर सकती है, ताकि चार यूएई खिलाड़ियों को साइन करने का उनका कोटा पूरा हो सके।

## नशा मुक्त अभियान को लेकर यूआरएमपी चिकित्सक संघ द्वारा बैठक का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦

**हनुमानगढ़ मदनलाल पण्डितांवाली।** युवा पीढ़ी नशे की लत से ग्रस्त है ऐसे में देश के उज्वल भविष्य की कामना करना थोड़ा मुश्किल सा लगता है। इसी कड़ी में युवाओं को नशे के चंगुल से निकालने के लिए व इस प्रवृति से बचाने के लिए जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के हर गांव में एक अभियान चलाया जाएगा। यूआरएमपी चिकित्सक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम सिंह भाटी व जिला अध्यक्ष देवीलाल वर्मा के तत्वावधान में रविवार को अरोड़ वंश धर्मशाला में यूआरएमपी चिकित्सक संघ हनुमानगढ़ व सभी उपखंड क्षेत्र के यूआरएमपी संघ सदस्यों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही जिला में व्यापक अभियान चलाने के बारे में यूआरएमपी चिकित्सकों को दिशा-निर्देश दिए। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम सिंह भाटी कहा कि युवा पीढ़ी तेजी के साथ नशे की लत का



शिकार हो रही है। घर से नशे के लिए अपेक्षित धन नहीं मिलने के कारण युवा वर्ग चोरी जैसे अपराध को अंजाम दे रहा है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपराधी बनने से बचाने के लिए क्षेत्र में नशे से संबंधित सामग्री बेच रहे अवैध कारोबारियों पर नकेल कसना जरूरी है। इस अभियान में हमें जिला प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जिले को नशा मुक्त बनाने के अभियान में सहयोग देना होगा तभी हम युवाओं एवं समाज को नशा मुक्त बना सकते हैं। वही संघ के प्रवक्ता महेन्द्र कुमार कल्याणा ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत ही गलत प्रभाव डालता हैं। नशे का आदी होना आसान है लेकिन इस लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल है। नशे के कारण व्यक्ति का सामाजिक व पारिवारिक जीवन तबाह हो जाता है। समाज में कई लोग ऐसे होते है जो नशे की लत पाल कर पूरी तरह नशे के आदी हो जाते हैं, उनके लिए वापस लौटना और जिंदगी की नई शुरूआत करना मुश्किल होता है, क्योंकि नशे के कारण उनमें इतना मनोबल भी नहीं होता कि नशा छोड़ने के लिए संकल्प ले सकें। इस अभिशाप को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। नशा व्यक्ति के शरीर के लिए तो हानिकारक है ही, साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है तो वह नशा पूर्ति के लिए पैसे ना होने पर आपराधिक वारदातों को अंजाम देने लग जाता है। वही इस बैठक में पहुंचे हुए सभी यूआरएमपी चिकित्सक संघ के सदस्यों को नशा मुक्त अभियान के तहत शपथ ग्रहण करवाई गई कि अपने शहर या ग्रामीण क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान चला कर युवा एवं समाज को नशा मुक्त अभियान के तहत नशे से दूर रहने का संदेश देंगे वह जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई की अभियान को सफल बनाएंगे। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष- विजय अरोड़ा (हनुमानगढ़ जंक्शन, हनुमानगढ़ टाउन, महावीर स्वामी , संगरिया बलविंदर सिंह, टिब्बी सुखदेव सिंह ,रावतसर रामचंद्र, पीलीबंगा देवीलाल शर्मा, नोहर हंसराज गोदारा, भादरा बलवान वर्मा, उपस्थित रहे।

## सोजत मे छात्रावास की भुमि के लिए नाथ समाज ने सौंपा ज्ञापन



♦भारत टाइम्स♦

**सोजत/भूपेश कश्यप।** आज रविवार को नाथ समाज के वरिष्ठजनों, युवा पीढ़ी एवं मातृशक्ति ने मिलकर आज के लिए ऐतिहासिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कार्य किया है जो समाज की युवा पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होगा, श्री नाथ समाज संस्था ( रजि. ) सोजत की ओर से सोजत विधायक महोदया श्रीमती शोभा जी चौहान को सोजत मे नाथ समाज के छात्रावास के लिए भुमि आवंटन करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें संस्था के कोषाध्यक्ष योगी अमरनाथ पँवार थरासणी, सचिव कल्याण नाथ अधिवक्ता सोजत सदस्य चंपानाथ खोखरा अधिवक्ता भरतनाथ सोजत हनुमान नाथ मांगनाथ कामदार रतननाथ चंपानाथ भेरनाथ भूंडनाथ आसण देवनाथ सोजत चेतननाथ आलावास नेमनाथ मांगीनाथ प्याऊ लोकेश नाथ सुरजप्रकाश नाथ रमेशनाथ सोजत रोड़ देवनाथ बासना व श्रीमती पूनी देवी पँवार थरासणी नंदिनी लक्ष्मण नाथ राठोड़ पूनीत नाथ घोड़ावड़ आदि उपस्थित रहे ।

## अभिनेत्री व निर्मात्री सुमन पांडेय की दर्शकों से अपील,देखें फिल्म कालिमा

♦भारत टाइम्स♦

**मुंबई ।** सांवरे फिल्म्स के बैनर तले निर्मित हिंदी फिल्म कालिमा को लेकर अभिनेत्री व निर्मात्री सुमन पांडेय ने लोगों से अपील की हैं कि वे हंगामा ओटीटी पर फिल्म को देखें और एक महिला प्रधान फिल्म को अपना प्यार आशीर्वाद दें ।प्रेम कहानी पर आधारित इस फिल्म में प्रेमी प्रेमिका की एक ऐसी कहानी को दर्शार्या गया हैं ।जिसमें प्रेमी प्रेमिका परिवार वालों के खिलाफ जाकर शादी कर लेते हैं ।लेकिन,प्रेमिका को तिरस्कार सहन करना पड़ता हैं ।उसके प्रेमी के घर में वह साजिश का शिकार होती हैं ।जिससे उसे वहां भी अपमानित होना पड़ता हैं ।जिसके बाद की जिंदगी में वह संघर्ष करती हैं। कालिमा में मनोरंजन के साथ संदेश भी हैं ।जो दर्शकों द्वारा पसंद की जा रहीं हैं और कई दर्शकों ने निर्मात्री व



अभिनेत्री से अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की हैं ।कालिमा के निर्देशक अनुभव श्रीवास्तव हैं ।जबकि मुख्य अभिनेत्री व निर्मात्री सुमन पांडेय हैं ।अन्य प्रमुख कलाकार राजेश प्रजापति,राधिका राजपूत, रेडिना ,शुभम तिवारी,आदिल मल्लिक ,अमिता सिन्हा ,सिद्धार्थ साह ,रितिका साह हैं।

## रक्तदान शिविर में हुआ 180 यूनिट रक्त का संग्रह

### मुणोत के सैकड़ो प्रशंसकों ने मनाया जन्मदिन, दी शुभकामनाएं

♦भारत टाइम्स♦

**बेंगलूरु।** शहर के विजयनगर मारुति मेडिकल्स के प्रमुख महेंद्र मुणोत ने अपना 58 जन्मदिन मनाया। गत दिनों मुणोत ने अपने पिता की स्मृति में देश की विभिन्न गौशालाओं को 51 लाख रुपए दान देकर गोसेवा का दायित्व निभाया था। मुणोत अपने जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए विजयनगर में शनिवार को मारुति मेडिकल परिसर में विशाल रक्तदान शिविर में रक्तदान के लिए भारी संख्या में लोग उमड़े। सुबह 10 बजे शुरू हुए शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 180 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मल्लेश्वरम के बेंगलूरु ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में मारुति मेडिकल्स के महेंद्र मुणोत के नेतृत्व में व्यवस्था की गई। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सालुमाराद थिमक्का ने भी शिविर में उपस्थिति और आयोजकों को




शुभकामनाएं दीं। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र व पौधे वितरित किए गए। मुणोत ने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि रक्त अनमोल होता है और यह किसी को जीवनदान देने के समान है। विभिन्न समाजों, संगठनों की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग देने वाले मुणोत के आह्वान पर राजस्थानी, कन्नड़ संगठनों ने भी रक्तदान में हिस्सा लिया। कर्नाटक रक्षण वेदिके के प्रदेश अध्यक्ष शिवराज गौड़ा, कस्तूरी कर्नाटक जनपर वेदिके के रमेश गौड़ा, पूर्व पार्षद एच रवींद्र, पूर्व पार्षद उमेश शैट्टी, पूर्व पार्षद चन्द्रशेखर उपस्थित रहे। प्रभुपाद गोशाला के आनंदकृष्ण दास, अमृतधारा गोशाला के बी.जे.एस शर्मा, विहंगम योग संस्थान के संत किशनलाल सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## ट्राला और पिकअप की टक्कर में जिंदा जले ड्राइवर और क्लीनर जिंदा, घंटों जाम

♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई कानपुर।** आज यहां रविवार की सुबह 5:00 बजे ट्रक ट्राला और पिकअप के बीच आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में ड्राइवर और क्लीनर की जिंदा जल गये। घटना से कानपुर सागर हाईवे पर घंटों जाम भी लगा रहा ,जिसे पुलिस में कई घंटे की मशक्कत के बाद खुलवाया। वहीं समाचार लिखे जाने तक जिंदा जलकर मरे ड्राइवर और क्लीनर की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है ।पुलिस दोनों की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की छानबीन कर रही है। यह हादसा आज रविवार सुबह 5 बजे बिधनू के शम्भूहा पुल पर हुआ। हादसे के बाद पुल पर घंटों जाम भी लगा रहा। फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा आग पर काबू पाने तक दोनों गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी थीं। पुलिस ने बताया कि क्रेन से पिकअप की केबिन को रस्सी से खींचकर हटाया गया तो ड्राइवर और क्लीनर के शव जले हुए निकले। सिर्फ सीने का हिस्सा जलने से बच गया था। दोनों के हाथ-पैर पूरी तरह जल गए थे। पुलिस के मुताबिक दोनों के शवों की स्थिति इतनी खराब थी कि पता लगाना मुश्किल है कि ड्राइवर कौन है, और क्लीनर कौन है। यहां पुलिस फावड़े से मलबे को हटाया और हड्डियों को पॉलीथिन में भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज घटना की जांच कर कर रही है।



## तारक मेहता में अभिनय करने वाले तारक मेहता साहब का बर में खाखी रिसोर्ट में जोरदार स्वागत

- साफा पहनाकर मारवाड़ी अंदाज में किया स्वागत

♦भारत टाइम्स♦

**बर कैलाश गुर्जर।** जोधपुर से जयपुर जाते समय मशहूर भारतीय अभिनेता, कवि (हास्य कवि, करुण कवि) , हास्यकार, मंच संचालक तथा लेखक शैलेश लोढ़ा का बर में खाखी रिसोर्ट में भव्य स्वागत हुआ । तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम अभिनेता हास्य कवि, मंच संचालक एवं लेखक शैलेश लोढ़ा ने कहा कि राजस्थान





मेरा अपना प्रदेश है और मारवाड़ जैसी जगह पर राष्ट्र निर्माण के लिए आना अच्छा लगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जितना अच्छा सुन सके, सुने और जितना अच्छा पढ़ सके, पढ़े। इस दौरान तारक मेहता छोड़ने का कारण पूछे जाने पर बस इतना कहा कि राजस्थान का आदमी हूं, आत्मसम्मान की बात है, इसलिए छोड़ दिया। बर में स्वागत के दौरान कैलाश गुर्जर , भरत गुर्जर , राजपाल गुर्जर उर्फ दिनेश गुर्जर ( मोरूडा) प्रवीण गुर्जर , नेमाराम गुर्जर , नेमीचंद गुर्जर , महेन्द्र गुर्जर , सुनील गुर्जर , युवराज गुर्जर , , महेश मेवाड़ा , अर्जुन सिंह , हेम सिंह , नरेंद्र सिंह , नोरत सिंह , राकेश गुर्जर , करन तंवर , महिपाल चौहान , हरीश धामी मैनेजर , भगवान सिंह मेनेजर, सुनील मीणा , सोहन सिंह गार्ड , भवानी सिंह आदि मौजूद रहे।

# यह है कानून का राज : हम कब करेंगे आत्मावलोकन ?

स्विट्जरलैंड की एक अदालत ने ब्रिटेन के सबसे अमीर भारतीयों में गिने जाने वाले भारतीय मूल के हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को अपने नौकरों के शोषण के मामले में दोषी करार देते हुए उन्हें चार से साढ़े चार वर्ष तक की कारागार की सजा सुनाई है। स्विस प्रशासन इस परिवार द्वारा अपने नौकरों का शोषण किये जाने पर गत 6 वर्षों से नजर रख रहा था। हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने अपने जेनेवा स्थित बंगले में काम करने के लिए भारत से कामगारों को बुलाया और उनका शोषण किया। इस परिवार पर मानव तस्करी के भी आरोप हैं। हिंदुजा परिवार ने अपने नौकरों के पासपोर्ट जब्त कर लिये थे और उन्हें न्यूनतम से भी कम मजदूरी दे रहे थे। साथ ही इन कामगारों के बाहर निकलने व कहीं आने-जाने पर भी हिंदुजा परिवार की ओर से पूरी रोक लगी हुई थी। सरकारी वकील के मुताबिक हिंदुजा परिवार अपने एक कुत्ते पर एक नौकरों से ज्यादा पैसे खर्चकरता था। '' मिसाल के तौर पर इस परिवार ने एक नौकरानी जो एक दिन में 18 घंटे काम करती थी उसे तो केवल 7 पाउंड मिलते थे। जबकि स्विस कानून के अनुसार कर्मचारियों को इसके लिए कम से कम 70 पाउंड का भुगतान किया जाना चाहिए था। परन्तु यही परिवार अपने एक कुत्ते के रखरखाव और खाने पर सालाना 10 हजार अमेरिकी डॉलर खर्च करता था। कई नौकरों को बिना छुट्टी के पूरे सप्ताह काम करना होता था। उन्हें वेतन भी स्विस करेंसी यानी फ्रैंक्स में देने के बजाय भारतीय रुपये में दिया जाता था। हालाँकि यह अदालती फैसला आने के एक सप्ताह पहले हिंदुजा परिवार ने भारी रकम चुकाकर तीन पीड़ित कामगारों से अदालत के बाहर समझौता भी किया था। गौर तलब है कि मूल रूप से भारतीय, हिंदुजा परिवार का लगभग 47 बिलियन डॉलर का कारोबारी साम्राज्य है। हिंदुजा समूह का निवेश मुख्यतः कंस्ट्रक्शन,होटल, कपड़े, ऑटोमोबाइल, ऑयल, बैंकिंग और फाइनेंस जैसे क्षेत्र में है। ब्रिटेन में हिंदुजा परिवार की अनेक बहुमूल्य इमारतें भी हैं। जेनेवा के इस अदालती फैसले ने एक बात तो साबित कर ही दी है कि स्विट्जरलैंड में न केवल कानून का राज है बल्कि वहां का कानून इस बात की भी परवाह नहीं करता कि आरोपी कितना अमीर व कितना रसूखदार है। साथ ही यह भी कि शोषित व पीड़ित वर्ग का व्यक्ति कितना ही गरीब व असहाय क्यों न हो मानवाधिकारों का पक्षधर वहां का कानून उसके साथ है।

> सरकारी वकील के मुताबिक हिंदुजा परिवार अपने एक कुत्ते पर एक नौकरों से ज्यादा पैसे खर्चकरता था। '' मिसाल के तौर पर इस परिवार ने एक नौकरानी जो एक दिन में 18 घंटे काम करती थी उसे तो केवल 7 पाउंड मिलते थे। जबकि स्विस कानून के अनुसार कर्मचारियों को इसके लिए कम से कम 70 पाउंड का भुगतान किया



अब जरा इसी अदालती फैसले के सन्दर्भ में हम अपने देश के वास्तविक हालात का भी आंकलन करें। भारत सरकार द्वारा बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के अनुच्छेद 24 के अनुसार कारखानों , खदानों एवं जोखिम भरे कार्यों में किसी बालक, जिसकी आयु 14 वर्ष से कम हो, नहीं लगाया जायेगा। हमारे देश में बाल संरक्षण कानून के अतिरिक्त विस्तृत श्रम कानून भी बने हुये हैं। इन कानूनों की पालना व इन्हें लागू करवाने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर बाकायदा विभाग हैं,विशेष अदालते हैं। गोया पूरी मशीनरी श्रम व बाल संरक्षण हेतु दिखाई देती है जिनपर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च भी होते हैं। परन्तु इन सब के बावजूद धरातलीय स्थिति क्या है यह कौन नहीं जानता। मुख्य मार्ग के ढाबों से लेकर मंत्रियों सांसदों विधायकों व अधिकारियों के घरों तक में श्रम व बाल संरक्षण कानून की धज्जियाँ उड़ती देखी जा सकती हैं। मजदूरों की तो बात छोड़िये अनेक निजी स्कूल्स तक में अधयापकों व अध्यापिकाओं को वेतन कुछ दिया जाता है तो रजिस्टर में दस्तखत अधिक धनराशि लिखकर कराई जाती है। हद तो यह है कि बंधुआ मजदूरी कानून बने होने के बावजूद अभी भी ठेकेदारी प्रथा के तहत तमाम बंधुआ मजदूर काम करते मिल जायँगे जिन्हें ठेकेदार अपनी मनमानी रकम देकर उनसे 8 से 12 घंटे तक काम करवाता है। ईंट के भट्ठों से लेकर सड़क व भवन निर्माण क्षेत्र में भी ऐसे तमाम मजदूर काम करते देखे जा सकते हैं।

अपने देश में 'कानून का राज 'कितना कायम है यह देखने के लिये आपको दर्जनों ऐसे उदाहरण मिल जायेंगे जबकि किसी जघन्य अपराधी ने सत्ता में आने के बाद अपने ही ऊपर चल रहे आपरधिक मुकदद्मों को ही वापस ले लिया। यह उदाहरण भी मिलेगा कि सत्ता के करीबी व्यक्ति पर चलने वाला दंगे,फसाद ,बलात्कार व हत्या तक का मुकददमा सरकार द्वारा वापस ले लिया गया। कई बार देश के बड़े बड़े कानूनविद यहाँ तक कि अनेक पूर्व न्यायाधीश यह कह चुके हैं कि देश की जेलें आमतौर पर ऐसे गरीब व असहाय लोगों से भरी पड़ी हैं जो आर्थिक रूप से गरीब हैं और लम्बी कानूनी लड़ाई लड़ पाने में असमर्थ हैं। भारत में अभी पिछले दिनों हुआ बहुचर्चित पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट मामला भी एक बड़ा उदाहरण है जिसमें दो इंजीनियरों को कुचल दिया गया था। इस मामले में नाबालिग चालक ने दावा किया था कि दुर्घटना के समय उसका ड्राइवर कार चला रहा था। लेकिन जांच में उसका यह बयान झूठा निकला। यहाँ भी पैसे और रसूख के बल पर वह अपने ड्राइवर को पैसों के एवज में जेल भेजकर स्वयं को बचाना चाह रहा था परन्तु चूँकि मीडिया ने इस मामले को तूल दे दिया था और कार का रजिस्ट्रेशन भी नहीं था,उधर कुचले गए दो व्यक्ति भी इंजीनियर थे इसलिये जाँच निष्पक्ष करनी पड़ी और रसूखदारों की साजिश धरी रह गयी। परन्तु उनका यह दुस्साहस स्वयं यह बताता है कि भारत में ऐसा संभव है कि रसूखदार स्वयं को बचने के लिये अपने ड्राइवर या नौकर को आगे कर देते हैं।

याद कीजिये फरवरी 2022 में जब सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने कहा था कि- 'जवाहर लाल नेहरू का भारत ऐसा बन गया है जहां मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लोकसभा में लगभग आधे सांसदों के खिलाफ बलात्कार और हत्या के आरोप लंबित हैं। हालांकि यह भी कहा जाता है कि इनमें से कई आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।' उस समय प्रधानमंत्री ली सीन लूंग द्वारा भारतीय सांसदों को लेकर दिए बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय ने आपत्ति भी जताई थी। परन्तु क्या हम इस सवाल से बच सकते हैं कि विदेशी सांसदों में भारत के बारे में ऐसी शर्मनाक टिप्पणियों की नौबत ही क्यों आती है ? क्या पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश और दुनिया ने यह नहीं देखा कि किस तरह विपक्षी दलों के नेताओं यहाँ तक कि मुख्यमंत्रियों तक को भ्रष्टाचार के मामलों में निशाना बनाते हुये उन्हें जेल भेजा गया ,अनेक नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापेमारियां की गयीं। परन्तु जब वही अपराधी सत्ता की शरण में चला गया तो उसे मंत्री या सांसद बनाकर महिमामंडित किया गया ? ऐसी सरकार व उसके अंतर्गत चलने वाले शासन प्रशासन से आखिर कानून का राज स्थापित होने की हम क्या उम्मीद कर सकते हैं? हिंदुजा परिवार को लेकर स्विट्जरलैंड की अदालत से आया फैसला क्या हमें यह सोचने के लिये मजबूर नहीं करता कि अपने देश में कानून का राज स्थापित करने को लेकर आखिर हम कब आत्मावलोकन करेंगे ?

# कारों में सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती

अब भी कोई बड़ा सड़क हादसा होता है, तो इस विषय पर चर्चा होती है, फिर जैसा चल रहा है, वैसा ही चलता रहता है। मगर अब सरकार ने कारों में सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती बरतने का मन बना लिया है। इसके लिए नई कार मूल्यांकन कार्यक्रम यानी एनसीएपी लागू किया गया है। इस कदम का सभी भारतीय कार उत्पादक कंपनियों ने स्वागत किया है। माना जा रहा है कि इससे सुरक्षित कारों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। यह न केवल भारतीय उपभोक्ता की दृष्टि से, बल्कि निर्यात की दृष्टि से भी लाभकारी कदम साबित हो सकता है। भारतीय कारें न केवल अपने देश में बिकती हैं, बल्कि बड़े पैमाने पर दूसरे देशों में भी इन्हें भेजा जाता है ऐसे में भारतीय कारें अगर अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों पर खरी उतरती हैं, तो विदेशी कंपनियों की कारों से भी प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मामले में भारत दुनिया में सबसे जोखिम वाला देश है। ऐसे में सड़क दुर्घटनाओं में मौतों पर भी काबू पाने में मदद मिलेगी। मगर देखना है कि भारतीय कंपनियां सुरक्षा मानकों का कितना पालन करती हैं। हालांकि भारत में अब कई विदेशी कार निमार्ता कंपनियों ने अपना कारोबार फैला लिया है। उन्हें यहां कार निर्माण की इजाजत देने के पीछे मकसद यही था कि उनके आने से कार बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू होगी और भारतीय कारों की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। मगर विदेशी कंपनियों ने भी कई मामलों में बाजार के वही नुस्खे आजमाने शुरू कर दिए, जो भारतीय कार निमार्ता कंपनियां आजमाती आ रही हैं। दरअसल, कार खरीदने में भारतीय उपभोक्ता की मानसिकता एक बड़ा कारण है, जिसके चलते कार निमार्ता कंपनियों ने सुरक्षा मानकों को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया। ज्यादातर भारतीय उपभोक्ता कार या तो इस मानसिकता से खरीदता है कि उसे कहीं आने-जाने में आसानी होगी या फिर अपनी हैसियत प्रदर्शित करने की मानसिकता से खरीदता है। सुरक्षा मानकों की पड़ताल बहुत कम ग्राहक करते हैं। फिर कंपनियां भारतीय उपभोक्ता की क्रयशक्ति का आकलन करती हैं और विभिन्न आयवर्ग को ध्यान में रख कर कारें बनाती हैं। इस लिहाज से कम और मध्यम आयवर्ग को ध्यान में रख कर बनाई जाने वाली कारों में आमतौर पर सुरक्षा मानकों के साथ समझौता देखा जाता है। हालांकि सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के आकड़े को ध्यान में रखते हुए छोटी से छोटी कार में भी एअर बैग की अनिवार्यता कर दी गई है। मगर इतने भर से सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। निस्संदेह भारतीय कार बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, कारों की खरीदारी भी बढ़ी है, सड़कें तेज रफ्तार गाड़ियों के अनुकूल बनने लगी हैं, मगर सड़क हादसों पर लगाम लगा पाना बड़ी चुनौती है। इस लिहाज से कारों में सुरक्षा मानकों का मूल्यांकन समय की मांग है। पर कार निमार्ता कंपनियों के सामने यह चुनौती होगी कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए भी किस तरह कारों की कीमतों को सामान्य उपभोक्ता की पहुंच में बनाए रख पाती हैं। एअर बैग जैसे कुछ सुरक्षा सुविधाओं की अनिवार्यता लागू होने के बाद पिछले कुछ सालों में छोटी कारों की कीमतें भी एकदम से ऊपर चली गईं। ऐसे में अगर उनके कांच, बुनियादी ढांचे आदि की मजबूती पर खर्च बढ़ता है तो जाहिर है, उनकी कीमतें बढ़ेंगी। इसमें वे कैसे संतुलन साधती हैं, देखने की बात है।



## संपादकीय

### तमिलनाडु में जहरीली शराब का सेवन, अच्छे कानून व्यवस्था वाले राज्य में अवैध काम से गई लोगों की जान

पुलिस-प्रशासन की नाक के नीचे शराब के नाम पर जहर परोसने का गैरकानूनी कारोबार करने वालों को यह सुविधा कैसे मिली कि वे बेधड़क अपना धंधा चला रहे थे और उनके पास भारी संख्या में लोग शराब पीने पहुंचते थे। जहरीली शराब पीने से 25 लोगों की मौत हो गई। किसी त्रासद घटना का सबक यह होना चाहिए कि उसमें हुई हानि को ध्यान में रख कर बाकी जगहों पर भी ऐसे उपाय किए जाएं जिससे वैसी घटनाओं से बचा जा सके। मगर विडंबना यह है कि ज्यादातर घटनाओं को स्थानीय समस्या मान कर दूसरी जगहों पर उसकी अनदेखी कर दी जाती है या फिर उसे महज एक खबर की तरह देखा जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर जहरीली शराब का सेवन करने से लोगों के मरने की खबरें आती रहती हैं। मगर वैसी घटनाओं में कारणों और परिणाम को लेकर एक व्यापक चिंता ठोस शक्ल नहीं लेती। गौरतलब है कि तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देसी शराब पीने की वजह से कम से कम सैंतालीस लोगों की जान चली गई और अन्य तीस लोगों की हालत बेहद गंभीर हो गई। इस शराब के सेवन से एक सौ पैंसठ लोग बीमार हुए थे, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। यह अवैध तरीके से शराब बना कर लोगों को बेचने वाले की आपराधिक लापरवाही का नतीजा है, लेकिन जिस तमिलनाडु को कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर बेहतर स्थिति में माना जाता है, वहां पुलिस-प्रशासन की नाक के नीचे शराब के नाम पर जहर परोसने का गैरकानूनी कारोबार करने वालों को यह सुविधा कैसे मिली कि वे बेधड़क अपना धंधा चला रहे थे और उनके पास भारी संख्या में लोग शराब पीने पहुंचते थे। जाहिर है, इतने सारे लोगों के मारे जाने के बाद अब सरकार और प्रशासन की ओर से एक औपचारिकता पूरी करने के लिए घटना की जांच, गहन तलाशी अभियान चलाने का निर्देश और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। सरकार ने जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को आर्थिक मदद की भी घोषणा की है। सरकार ने उस इलाके में प्रभावित लोगों की वास्तविक संख्या जानने के लिए घर-घर जाकर गणना करने की भी बात कही है। यह अपील की गई है कि जिन लोगों ने अवैध शराब का सेवन किया है, वे जल्द से जल्द जांच कराएं और जरूरी होने पर इलाज कराएं। इसे सरकार की संवेदनशीलता के तौर पर देखा जा सकता है। मगर यह समझना मुश्किल है कि सरकारी तंत्र की इस तरह की सक्रियता किसी त्रासद घटना के सामने आने और उसके तूल पकड़ लेने के बाद ही क्यों दिखाई देती है!



## आस्था...

### 100 साल बाद बना सूर्य, बुध और शुक्र का त्रिग्रही योग, इन राशियों को मिलेगा अपार पैसा और पद- प्रतिष्ठा

दिक ज्योतिष अनुसार मिथुन राशि में त्रिग्रही योग का निर्माण होने जा रहा है। जिससे 3 राशि के जातकों का भाग्य चमक सकता है... बुध की राशि में बनेगा त्रिग्रही योग- वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह राशि परिवर्तन करके राजयोग और त्रिग्रही योग का निर्माण करते हैं। जिसका प्रभाव मानव जीवन और पृथ्वी पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि 12 जून को धन के दाता शुक्र ग्रह ने मिथुन राशि में प्रवेश किया था। तो वहीं 14 जून को ग्रहों के राजकुमार बुध और ग्रहों के राजा सूर्य ने 15 जून को मिथुन में प्रवेश कर लिया है। जिससे मिथुन राशि में त्रिग्रही योग बन रहा है। वहीं इस योग के बनने से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही धन-दौलत में वृद्धि हो सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं शनि देव कुंभ राशि में होंगे वक्री, नवंबर तक इन राशियों की धन-दौलत में होगी अपार बढ़ोतरी, करियर और कारोबार भी चमकेगा मेष राशि आप लोगों के लिए त्रिग्रही योग का बनना लाभकारी साबित हो सकता है। क्योंकि यह योग आपकी राशि से तीसरे भाव में बन रहा है। इसलिए इस दौरान आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। साथ ही जिन लोगों का काम- कारोबार विदेश से जुड़ा हुआ है, उनको अच्छा लाभ हो सकता है। वहीं इस दौरान आप कोई नया कार्य भी शुरू कर सकते हैं। साथ ही इस समय आपको भाई- बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी पेशा जातकों को अच्छे लाभ प्राप्त होने की संभावना बन रही है और आप अपना एक नया मुकाम हासिल करेंगे। वहीं प्रतियोगी छात्रों को इस समय परीक्षा में सफलता मिल सकती है। 1 साल बाद शुक्र ग्रह करेंगे कर्क राशि में प्रवेश, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, हर क्षेत्र में मिलेगी सफलता मिथुन राशि त्रिग्रही योग का बनना मिथुन राशि के जातकों को शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। क्योंकि यह योग आपकी राशि से लग्न भाव पर बन रहा है। इसलिए इस समय आपकी सोची हुई योजनाएं सफल होंगी। वहीं आपको मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। साथ ही कोर्ट- कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। वहीं इस दौरान शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। वहीं व्यापारियों को अच्छा लाभ व तरक्की मिलेगी और किसी अन्य बिजनस में निवेश कर सकते हैं। साथ ही इस समय अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव आ सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

मेष: युगलों के बीच की गलतफहमियां अपने आप दूर होकर शांतिपूर्ण संबध लौटेंगे। आपके लिए लंबी यात्रा के योग हो सकते हैं। इस यात्रा से आपको कुछ समय के लिए अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। नए उपक्रम की योजना बना रहे व्यापारियों को चाहिए कि आज काम का शुभारंभ अवश्य करें और इस दिशा में फैसले की ओर कदम उठाये। जमीन-जायदाद के जुड़े कारोबारियों के लिए आज दिन अनुकूल रहेगा। आज काम की बहुत व्यस्तता रहेगी।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

वृषभ: विवाहित युगल आज अत्यधिक सामीप्य का अनुभव करेंगे और प्रेम और सद्भावनापूर्ण संबंधों का आनंद लेंगे खोजकर्ताओं का एक समूह आपको उनकी यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर सकता है। यह आपके लिए किसी सपने के पुरे होने जैसा होगा। आप हमेशा से ही पर्यटन के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक रहे है। खाद्य सामग्री के व्यवसाय में रत उद्योजक आज परियोजना की शुरूआत कर लें या किसी नए संस्थान का अधिग्रहण कर लें, इससे बाजार में उनकी प्रतिष्ठा बहुत बढ़ेगी। जमीन-जायदाद से जुड़े व्यवसायी आज आराम कर सकते हैं

**मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

मिथुन:अविवाहित व्यक्तियों को चाहिए कि अपने मित्रों को पार्टियों और समारोहों में हिस्सा लें, जिससे संभावित प्रेमी से भेंट हो सके। अगर परिवार के साथ बाहर सैर सपाटे पर जाने की योजना बना रहे हैं तो आज दिन अच्छा है। स्वास्थ्य सेवाकर्मी और डॉक्टर आज अपने व्यवसाय के चरम शिखर पर होंगे। राजनेताओं को आज पार्टी सदस्यों के आवश्यक और जरुरी समस्याओं के समाधान के लिए बुलावा आ सकता है। आज आप अच्छी सेहत का मजा लेंगे। स्वास्थ्य सेवाकर्मी और डॉक्टर आज अपने व्यवसाय के चरम शिखर पर होंगे।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

कर्क: आज कामकाज के संबंध में किसी से भेट हो सकती है जिससे मिलकर आप उसकी ओर आकर्षित हो सकते हैं। परिवार के वयस्क आज बहुत ऊर्जावान महसूस करेंगे। वे दूसरे सदस्यों के साथ भी मिलजुल कर आनंद मग्न रहेंगे। घर में छोटी-मोटी समस्याएं हो सकती हैं जिसके कारण आपको पहले से तय कोई सैर या घुमने जाने की योजना रद्द करनी पड़ सकती हैं। बेरोजगार आज कुछ नए लोगों से मिलेंगे जो उनकी नियुक्ति में बहुत मददगार साबित हो सकते हैं। वकीलों को आज किसी बड़े संस्थान की ओर से वैधानिक सलाहकार के पद के लिए निमंत्रित किया जा सकता है।

**सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

सिंह: वयस्कों के अनुभव और मार्गदर्शन से घर के सभी सदस्यों को लाभ होगा। बच्चों को अपने बुजुर्गों से व्यवहार करते समय मर्यादा में रहना चाहिए। उनका बचपना वयस्कों को दुखी कर सकता है। विद्यार्थियों के लिए अच्छा दिन है। वे बौद्धिक विषयों पर दोस्तों के साथ पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। जो लोग एक समूह में पढ़ते हैं, उन्हें बहुत फायदा होगा। बच्चों को बाहर सैर के लिए ले जाते समय शिक्षकों को सावधान रहने होगा। छुटपुट दुर्घटनाएं हो सकती हैं। वे सदैव इसके लिए तैयार रहें। आपका शारीरिक स्वास्थ्य आपकी मानसिक सेहत पर निर्भर करता है।

**कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

कन्या: अविवाहितों के पालक उनके लिए योग्य सम्बंध के लिए प्रयत्न करेंगे। कोई अप्रत्याशित व्यावसायिक यात्रा आपके कार्यक्रम को उथल पुथल कर सकती है। लेकिन इस यात्रा के परिणाम आपके लिए फायदेमंद होंगे। अपने मकान निर्माण की योजना बना रहे लोगों के लिए आज शुभ दिन होगा। शेयर बाजार के मधास्था और प्रतिस्पर्धियों को आज अत्यधिक उतार चढाव के प्रति जागरूक रहना होगा। विशेष कर तब जब वे किसी ग्राहक की रकम का निवेश कर रहे हों। राजनेता आम जनता और पार्टी के अन्य वरिष्ठ सदस्यों के बीच बहुत लोकप्रिय होंगे।

**तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

तुला: आज किसी प्रियजन के बारे में दुखद समाचार सुनने मिल सकता हैं, आपकी उपस्थिति और सहायता से उन्हें बहुत सांत्वना मिलेगी यदि आप अविवाहित है तो आज किसी भी नए व्यक्ति से मिलते समय सावधान रहें। धन रखें की हर चमकती सोना नहीं होती। आज आप अपनी यात्रा के दौरान किसी अविस्मरणीय व्यक्ति से मिल सकते हैं। अच्छे और नए काम की तलाश कर रहे डॉक्टरों को आज उच्चादिकारियों की ओर से सुरक्षित सेवा के लिए बुलाया जा सकता है। शेयर बाजार के निवेशकों को उनकी तर्क शक्ति से बहुत मदद मिलेगी।

**वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

वृश्चिक: एकाकी जन आज किसी से मिलेंगे जो उनके जीवन में नए सकारात्मक बदलाव लाएगा। छात्रों के लिए आज अनुकूल दिन नहीं हैं। वे अपने दोस्तों के साथ बहस कर समय बर्बाद कर सकते हैं। आज खिलाड़ियों को अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए पुरस्कार मिलने की संभावना बताई जाती है। उन्हें आज जीवनगौरव पुरस्कार भी मिल सकता है। कलात्मक अभिरुचि के लोगों के लिए आज का दिन बहुत उच्च-नीच और उद्विग्नता का हो सकता है। उन्हें चाहिए कि आत्मविश्वास को कम ना होने दें और काम करते रहें।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

धनु: आज आप अपने पुराने रिश्ते को सुधारने की दिशा में कदम उठाएंगे। ठंडी हवा और शीत पेय आदि से प्रभावित होने वाले बच्चों को इन चीजों से दूर रखें। मौसम के कारण उनका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। जो लोग काम की तलाश में हैं उन्हें संकोच और शर्म छोड़ कर निशंक होकर दूसरों से मदत और सलाह लेनी चाहिए। न्यायिक व्यवसाय से जुड़े लोग आज अपने आसपास बहुत से परिवर्तन देखेंगे। अपितु, उनके कामों के सन्दर्भ में कोई खास बदलाव नहीं होगा। अपने कार्य के सन्दर्भ में मिलने वाले मत के लिए शिक्षकों को मानसिक परिपक्वता का परिचय देकर शालीनता का प्रदर्शन करना होगा।

**मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

मकर: उत्सव के माहौल के रूप में परिवारों के लिए एक अच्छा दिन आता है और बहुत खुशीयां लाता है। शिक्षक और विद्यार्थी जो शैक्षणिक यात्रा पर जा रहे हों, उन्हें बहुत सजग रहने की आवश्यकता है। छोटी मोटी दुर्घटनाओं की संभावना है। जंगल, नदी, पहाड़ों से गुजरते समय सावधान रहें। आपकी व्यावसायिक नीतियाँ, कुशलता और योग्यता आपको व्यवसाय क्षेत्र में ख्याति दिलाएगी। आज स्थावर संपत्ति के कारोबार से जुड़े लोगों के लीये अपनी कठिनाइयों पर विजय पाने और अपने कार्यक्षेत्र में अग्रेसर रहने का दिन होगा।

**कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

कुंभ: अविवाहितों को किसी अनापेक्षित मार्ग से आज विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। बाहर मनोरंजन हेतु जाने का कार्यक्रम किसी अनापेक्षित कारण से स्थगित करना पड़ेगा, जिससे सभी को निराशा होगी। शिक्षकों के लिए आज शिक्षा के सन्दर्भ में चुनौती भरा दिन होगा। विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान से उनके अध्यापन कौशल्य की परीक्षा होगी। खिलाड़ी आज बहुत गतिशील रहेंगे। किसी भी दुस्साहसपूर्ण काम के लिए स्वयं को स्फूर्त और उत्साहित महसूस करेंगे। नए कलातंत्र और नयी कल्पनाओं पर परिक्षण कर रहे कलाकारों को लगेगा जैसे वे शुन्य में हैं।

**मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

मीन: अविवाहित जन आज किसी आकर्षक व्यक्ति से मिल सकते हैं, पर उन्हें सलाह है कि कोई भी प्रतिबद्धता या समर्पण व्यक्त करने से पहले अच्छी तरह सोच समझ लें। आज बाजार का उतार चढ़ाव निवेशकों को अनापेक्षित मुनाफा दिलाएगा। वे वास्तव में बहुत बड़ा लाभ पा सकते हैं यदि सोच समझ कर निवेश करें। व्यवहार-कुशल राजनेता आज अपने कार्यक्षेत्र में उभर कर आयेंगे। वे अपने कामकाज को आगे बढ़ाकर अपनी पार्टी में ऊंचा मुकाम हासिल करेंगे। व्यवसायिक खिलाड़ी आज कुछ कर दिखाने की महत्त्वाकांक्षा से ओतप्रोत होंगे।



# समझदारी मांगती है ऑनलाइन फर्नीचर की खरीदारी

**ऑनलाइन शॉपिंग में अच्छा डिस्काउंट मिल जाता है और घर बैठे सामान भी आ जाता है। लेकिन बड़े सामानों में इन सुविधाओं से ज्यादा सही उत्पाद महत्व रखता है।**

### केवल लुक पर ना जाएं

कुछ अच्छा दिख रहा है, बस, इसीलिए उसे खरीदने की तैयारी ना कर लें। ऑनलाइन फर्नीचर की प्रस्तुति में कमरे की सज्जा अलग होती है, वैसी आपके घर की नहीं होगी। साथ ही माप का भी ध्यान रखें।

### कुछ बातें साफ हों

फर्नीचर को बार-बार बदलना संभव नहीं होगा। इसलिए बेहद सोचकर चुनिए। किस कमरे के लिए लेना है या कमरे की बाकी चीजों के अनुसार लेना है, जूतों के लिए रैक ले रहे हैं या बालकनी के लिए मुड्ढे, जब सब कुछ दिमाग में साफ होगा तो चुनने में आसानी होगी।

### मेल का ख्याल रखें

घर में सारा लकड़ी का फर्नीचर है और आपको मेटल या केन फर्नीचर पसंद आ जाता है। इसलिए जो भी फर्नीचर चुनें तो पहले जगह निर्धारित कर लें कि उसे कहां रखेंगे, ताकि वो बाकी फर्नीचर के साथ बेमेल ना लगे। हां, कुछ बदलाव चाहते हैं तो ऐसे फर्नीचर का भी चुनाव कर सकते हैं जो एक दूसरे के पूरक हों।

### ये पहले पता करें

फर्नीचर बुक करते समय यह भी जानकारी लें कि फर्नीचर को असेंबल करने की सुविधा दी जा रही है या नहीं। यदि हां तो किस समय तक असेंबल होगा। साथ ही डिसमेंटल करने के बारे में भी कंपनी की सुविधाओं को जान लें। क्योंकि अगर आपको घर बदलना पड़ा और आपका फर्नीचर लिफ्ट के जरिए या सीढ़ियों से जाना पड़ा, तो क्या संभव होगा। इन सभी बातों पर गौर करें।

### यह भी समझें


मटेरियल पर भी ध्यान दें। किस तरह की लकड़ी का इस्तेमाल किया गया है, फर्नीचर पर यदि कपड़ा चढ़ा है तो वह किस गुणवत्ता का है। इन सभी बातों को नजरअंदाज ना करें। वेबसाइट पर उत्पाद के नीचे फर्नीचर के मटेरियल की सारी जानकारी होती है, उसे ध्यान से पढ़ें। इसके अलावा कस्टमर के रिव्यू भी देख लें, ताकि पता चल सके कि फर्नीचर में क्या खराबी आ सकती है या किन बातों का ख्याल आपको रखना पड़ेगा।


### खास मौके के लिए

यदि किसी खास मौके (त्योहार, फंक्शन आदि) के लिए फर्नीचर बुक कर रहे हैं, ताकि उस खास दिन घर अलग लगे, तो आखिरी समय का इंतजार ना करें। ये भी हो सकता है कि फर्नीचर डिलीवरी के दौरान किसी तरह की टूट-फूट हो जाए। ऐसे में उसे बदलना होगा जिसमें वक्त लग सकता है। इसलिए पहले ही मंगा लें और बदलने के लिए भी कुछ दिनों की गुंजाइश रखें।

### गुणवत्ता की परख

ऑनलाइन खरीदारी में गुणवत्ता पता करना जरा मुश्किल होता है। इसलिए किसी भी वेबसाइट पर अच्छी डील या डिस्काउंट के कारण ना जाएं, बल्कि फर्नीचर के लिए जानी-मानी कंपनी की वेबसाइट से ही खरीदारी करें।





# साइकोलॉजी के अनुसार जीनियस होते हैं ये आदतें रखने वाले बच्चे, कहीं आपका बच्चा भी तो नहीं?

**कुछ बच्चे जीनियस होते हैं और उनमें ऐसी कई आदतें और बातें होती हैं जिनकी मदद से आप समझ सकते हैं कि वो बच्चा जीनियस है।**

ये तो हम सभी जानते और समझते हैं कि हर बच्चा अलग होता है और जो खास बातें एक बच्चे में होती हैं, वो दूसरे में नहीं हो सकती हैं। कुछ बच्चे पढ़ाई में बहुत होशियार होते हैं, तो कुछ खेल-कूद में आगे रहते हैं। इस तरह हर बच्चा एक-दूसरे से अलग होता है। इसी तरह कुछ बच्चे जीनियस भी होते हैं और इनमें कुछ बातें या आदतें अलग होती हैं जिनकी मदद से आप ये जान और समझ सकते हैं कि ये बच्चे जीनियस हैं। इस आर्टिकल में हम आपको बता रहे हैं कि साइकोलॉजी के अनुसार जीनियस बच्चों में क्या गुण और आदतें होती हैं।

### सकारात्मक दृष्टिकोण

आपको बता दें कि इन बच्चों का जीवन के हर पहलू को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण रहता है। बात समाज की हो या फिर व्यक्तिगत पहलुओं की, ये हर चीज और मुश्किल के सामने सकारात्मक नजरिया रखते हैं और चुनौतियों से घबराते नहीं हैं बल्कि उनका डटकर सामना करते हैं।

### फैसला लेना

जीनियस बच्चों के बारे में ये कहा जाता है कि ये फैसले लेने में निपुण होते हैं। इनमें सही और गलत के बीच फर्क समझने का कौशल और क्षमता होती है और ये अपने हर निर्णय के फायदे और नुकसानों का आंकलन करने की भी क्षमता रखते हैं। कहा जा सकता है कि जीनियस बच्चे अपने फैसले खुद ले सकते हैं।

### आत्म-नियंत्रण की भावना

इन बच्चों को अपनी भावनाओं और गुस्से को कंट्रोल करना आता है। आप सोच रहे होंगे कि बच्चे तो इन सभी चीजों के लिए बहुत छोटे होते हैं फिर वो कैसे इतना सब कर सकते हैं। आपको बता दें कि यहां बात जीनियस बच्चों की हो रही है और ये बच्चे खुद पर कंट्रोल रखना जानते हैं।

### रचनात्मक होते हैं

जीनियस बच्चों में रचनात्मकता का गुण भी देखा जाता है। इनके कामों ही नहीं बल्कि इनकी सोच और विचारों में भी रचनात्मकता देखी जा सकती है। अगर आप भी एक पैरेंट हैं, तो अपने बच्चे में इस गुण के तलाशकर देखें और अगर उसमें ये गुण नहीं है, तो आप कुछ तरीकों से इसे विकसित भी कर सकते हैं।



### जिज्ञासु होते हैं

सबसे महत्वपूर्ण बात कि जीनियस बच्चे जिज्ञासु होते हैं। ये हर चीज के बारे में जानने की उत्सुकता रखते हैं और नए अनुभवों के लिए तैयार रहते हैं। आप ये कह सकते हैं कि इनके सामने जो कुछ भी आता है, ये उसके बारे में जानना चाहते हैं और नई चीजों को समझने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इसके अलावा अगर आपका बच्चा आपसे बहुत सवाल करता है, तो उसे रोके या डांटे नहीं बल्कि उसके जिज्ञासु मन को शांत करें। इससे बच्चों के ज्ञान का दायरा बढ़ता है और वो बुद्धिमान बनते हैं। ये बच्चे ज्ञानी और बुद्धिमान बन सकते हैं इसलिए आप अपने बच्चे के हर सवाल का जवाब देने की कोशिश करें।



# रिश्ते में कड़वाहट को बढ़ने से इस तरह रोकें

**पति-पत्नी के रिश्ते में गुस्सा, नाराजगी, प्यार, मोहब्बत सब धूप-छांव की तरह होते हैं। लेकिन यदि गुस्से और नाराजगी का अनुपात ज्यादा हो जाए तो रिश्ता बिगड़ने लगता है। यदि आप भी किसी ऐसे आदमी के साथ रिश्ते में बंधी हैं, जिसे अपने गुस्से पर कंट्रोल नहीं रहता है तो जान लें इन्हें कैसे हैंडल करना चाहिए।**

आज कल लोगों की मनोदशा बहुत तरीके से प्रभावित हो रही है, जिसके कारण वह अपने इमोशन को सही तरह से कंट्रोल करने में समर्थ नहीं है। इससे बहुत ज्यादा गुस्सा आना, मानसिक दबाव महसूस होने जैसी समस्याएं लोगों में बहुत ही बढ़ गई है। ऐसे में रिश्तों को कैसे बचा कर रखा जा सकता है, आप इस लेख में प्रिडिक्शन्स फॉर सक्सेस के संस्थापक और रिलेशनशिप कोच विशाल भारद्वाज से जान सकते हैं। खासतौर पर यदि आप एक गुस्सैल पति या पत्नी के साथ बंधन में बंधे हुए हैं, तो यह टिप्स आपके लिए बहुत काम आ सकते हैं।

### धीरज रखें

जब आपके पति क्रोध में हों तो ऐसी स्थिति में आपका गुस्सा करना चीजों को और भी खराब कर सकता है। ऐसे में अपनी बात को कहने के लिए उन्हें पूरे तरीके से शांत होने दें। ध्यान रखें कि जब भी पति गुस्से में हो तो पति का शांत रहना बहुत जरूरी है वरना छोटी सी बात भी लड़ाई में बदल जाती है।

### पति से उनके गुस्से के बारे में बात करें

अपने पति के एंगर इश्यू के बारे में उनसे खुलकर बात करें। अपने पति से बात करते हुए उन्हें अपनी भावनाओं के बारे में बताएं। उन्हें समझाएं कि किस तरह से उनका गुस्सा आपके रिश्ते को खोखला कर रही है। ध्यान रखें कि उन्हें ऐसा महसूस न हो कि आप उन पर कोई आरोप लगा रही हैं या उनमें कमी निकाल रहीं हैं।

### उचित समय का चयन करें

किसी भी विषय पर उनसे चर्चा करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि उनका मूड अच्छा हो। यदि वह पहले से थके या चिड़चिड़े होंगे तो उनके क्रोधित होने की संभावनाएँ ज्यादा होंगी। जिससे आपको एक बार फिर बिना किसी बात के उनका सामना करना पड़ जाएगा। इस समस्या का कारण खोजें बैठ कर आत्म चिंतन करें कि ऐसी कौन सी बातें हैं जो आपके पति को क्रोध दिलाती है। और ऐसी कौन सी बातें हैं या फिर परिस्थिती है जिनके कारण वे क्रोधित होते हैं जब आपको एक बार इसका सही-सही अनुमान हो जाएगा तब आप इसका समाधान बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

### एक्सपर्ट की मदद लें

यदि आप और आपके पति स्वयं अपनी इस समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं तो ऐसे में आप किसी पेशावर से मदद ले सकते हैं। ये तरीका आपके लिए काफी असरदार साबित हो सकती है। ध्यान रखें प्यार और शादी के रिश्ते में इस तरह की चुनौतियां आना आम बात है। ऐसी स्थिति में आप अपने जीवन साथी की समस्याओं से निकलने में सबसे अधिक सहायता कर सकते हैं।



**कई बार हम पुराने दिनों को याद करते हैं और उन्हीं दिनों में वापिस लौट जाना चाहते हैं। लेकिन वो कहते हैं ना कि बीता हुआ समय वापिस लौटकर नहीं आता। ऐसे में आप पुराने दिनों को तो वापिस नहीं ला सकते, लेकिन पुराने जमाने के लुक्स को रिक्रिएट करके पुरानी यादों को ताजा अवश्य किया जा सकता है। खासतौर से, एक विंटेज लुक के लिए सबसे जरूरी है हेयरस्टाइल पर फोकस करना।**

# कुछ अलग करना चाहती हैं तो ट्राई करें यह हेयरस्टाइल्स

अगर आपने ध्यान दिया हो तो आपने अवश्य पाया होगा कि पुराने समय में कुछ खास हेयरस्टाइल्स को बेहद पसंद किया जाता था। लेकिन अब उन हेयरस्टाइल्स को कोई नहीं बनाता। ऐसे में अगर आप अपने लुक में एक बदलाव चाहती हैं और कुछ अलग करना चाहती हैं तो ऐसे में इन हेयरस्टाइल्स को बना सकती हैं। इन्हें बनाना इतना भी मुश्किल नहीं है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही विंटेज हेयरस्टाइल्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपके बालों में भी बेहद अच्छे लगेंगे-

### वेव्स हेयरस्टाइल्स

जब विंटेज लुक की बात होती है तो ऐसे में बालों को कर्ल करना सबसे अच्छा माना जाता है। इसके लिए आप पहले बालों को कर्ल करें। इसके बाद, आप फ्रंट से भी बालों को अंदर की तरफ कर्ल करें। यह आपके बालों को एक डिफरेंट लुक मिलेगा। इसके बाद, आप बालों में हेडबैंड लगाएं। बस आपका हेयरस्टाइल रेडी है।

### बंडाना विंटेज हेयरस्टाइल

यह हेयरस्टाइल ना केवल देखने में अच्छा लगता है, बल्कि आपके बालों को एक डिफरेंट लुक देता है। इसके लिए, आप फ्रंट से थोड़े बालों को साइड पार्टिंग करके उसे रोल करें। अब आप बचे हुए बालों को पीछे ले जाएं और बन बनाएं। आप इसे पिन की मदद से फिक्स करें। आखिरी में, अपने हेयरस्टाइल को बंडाना की मदद से और भी अधिक खूबसूरत बनाएं।

### साइड स्वेप्ट विंटेज हेयरस्टाइल

यह साइड स्वेप्ट विंटेज हेयरस्टाइल आपके लुक को केजुअल्स में भी खास बनाता है। इसके लिए आप फ्रंट से थोड़े हेयर लेकर उसे रोल करें और फिर पिन की मदद सिक्योर करें। इसके बाद आप फ्रंट के दोनों साइड्स के हेयर्स को भी रोल करें और पिन की मदद से सिक्योर करें। अब आप अपनी हेयर लेंथ को लाइट कर्ल लुक दें।

### विंटेज रोल बन हेयरस्टाइल

अगर आप वेडिंग सीजन में या फिर किसी खास अवसर के लिए एक विंटेज लुक क्रिएट कर रही हैं तो ऐसे में आप अपने बालों में पीछे ले जाकर चिग्नॉन हेयरस्टाइल बनाएं और अपने बालों को एक विंटेज लुक देने के लिए आप साइड में रोल बनाकर उसे पिन की मदद से फिक्स करें। यह हेयरस्टाइल बेहद ही एलीगेंट और ब्यूटीफुल लुक देता है।

### कर्ल हाफ अप विंटेज हेयरस्टाइल

इसके लिए आपको बालों को कॉम्ब करने के बाद साइड पार्टिंग करनी है। अब आप बालों को बैक में हल्का पफ लुक दें और बालों को पिनअप करें। इसके बाद, बालों को अधिक वॉल्यूम और विंटेज लुक देने के लिए हेयर लेंथ को कर्ल करें। आप कर्ल हेयर को अपने शोल्डर पर फ्लॉन्ट करें। यह विंटेज हेयरस्टाइल हाउस पार्टीज आदि के लिए एक अच्छा ऑप्शन है।

### बॉब कट विंटेज हेयरस्टाइल

अगर आपके बालों को बॉब कट लुक दिया है तो ऐसे में आप बालों को बेहद आसानी से विंटेज लुक दे सकती हैं। इसके लिए आप फ्रंट से बालों को रोल करके सेट करती जाएं। इसके अलावा, आप साइड व पीछे के हेयर्स को भी लूज कर्ल लुक दें।




# कोलकाता से मधुमिता राय एवं उनकी शिष्या सुप्रभा ने शुभारंभ शिव स्तुति से की

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि में ऽगीतम वाद्यम नृत्यं त्रयम संगीत मुच्यन्ते तीनों कलाओं का समावेश कथक नृत्य में परिलक्षित हुआ।काशी रस के रूप में काशीकेय संस्कृति के नवीन स्वरूप को जन सामान्य से अवगत कराने एवं भावी पीढ़ी को संस्कारित करने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी की अप्रतिम पहल पर सुबह ए बनारस के अंतर्गत काशी रस जैसे अद्भुत कार्यक्रम को प्रत्येक रविवार को संचालित किया जाता है।रविवार को काशी रस कार्यक्रम में कोलकाता से पधारी कलाकार मधुमिता राय एवं उनकी शिष्या सुप्रभा ने कार्यक्रम का शुभारंभ शिव स्तुति- बाजे डमरू हर हर तत्पश्चात धमार, तीन ताल मे पारंपरिक कत्थक, समापन भारत कथा - तुलसीदास द्वारा रचित मैं ना जिऊं बिन राम कलाकारों ने अपने पद लय, ताल ,अंग संचालन एवं घुंघरू के झंकार से मुक्ता काशीय मंच को झंकृत किया।संगत कलाकार के रूप में तबले पर पंडित ललित कुमार एवं सारंगी पर ध्रुव सहाय उपस्थित रहे।कलाकार को प्रमाण पत्र एवं आशीर्वचन सुविख्यात संतूर वादक पंडित तरुण भट्टाचार्य ने प्रदान किया। प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ उनकी संगीत साधना की भी प्रशंसा की । काशी रस कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केसरी ने किया । इस अवसर पर डॉ प्रेम नारायण सिंह , कृष्ण मोहन पांडे, सहित भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# थाना माधवनगर पुलिस को परीक्षा देकर घर लौट रही युवती को 36 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब करने में मिली सफलता

♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन /जगदीश परमार।** घटना में संलिप्त एक आरोपी को तराना व अन्य दो आरोपी को जिला शाजापुर से किया गिरफ्तार। आरोपी द्वारा अपहर्ता के साथ विवाह करने के उद्देश्य से किया गया था अपहरण। पुलिस एवं लड़की के परिवार को गुमराह करने के लिए कार पर लगाई नकली नंबर प्लेट। घटना में प्रयुक्त ईको कार व मोबाइल आरोपी से जप्त। पुलिस अधीक्षक उज्जैन द्वारा दिनांक 21-6-24 को थाना माधव नगर क्षेत्र में हुई बालिका के अपहरण की घटना में त्वरित कार्यवाही करने व आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थाना माधव नगर पुलिस टीम को युवती का अपहरण करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने व युवती को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई है। घटना का विवरण - दिनांक 21.06.24 को आवेदिका ने रिपोर्ट की कि वह अपनी बड़ी बहन के साथ स्कूटी से परीक्षा देने विक्रम विश्वविद्यालय गई थी,परीक्षा खत्म होने के बाद वे दोनो स्कुटी से दोपहर करीब 12.30 बजे घर लौट रहे थे,सलुजा नर्सिंग होम के पास पहुंचे की हमारे पीछे से एक सिल्वर रंग की मारुती इक्को कार ओवरटेक करते हुए हमारी स्कूटी के सामने आकर खड़ी हो गई और उसमें बैठे युवक ने दीदी को गाड़ी से उतरकर जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। उक्त रिपोर्ट पर से थाना माधवनगर पर अपराध क्रमांक 347/21.06.24 का दर्ज कर जांच में लिया गया। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही उक्त घटना को गंभीरता से लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री गुरु प्रसाद पाराशर , नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती दीपिका शिंदे के मार्गदर्शन में थाना माधवनगर पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल सहित अन्य स्थानों के सीसीटीवी फूटेज चेक किए गए व वाहन के संबंध में




जानकारी एकत्रित की गई । घटना में शामिल आरोपियों की तलाश उनके घर व हर संभावित स्थानों पर की गई,रिश्तेदारों मित्रों एवं सहपाठीयो से भी पूछताछ की गई । प्राप्त जानकारी के आधार पर शाजापुर में दबिश देकर अपहर्ता को सकुशल दस्तयाब किया गया एवं आरोपी आदर्श पाटीदार गिरफ़्तार किया गया । घटना में साथ देने वाले आदर्श के मित्र गोविंद जो उसके साथ वाहन चलाकर उज्जैन आया था और आरोपी अजय जिसके द्वारा बालिका की रेकी की गई एवं फजी नंबर प्लेट बनवाई गई उसे भी गिरफ़्तार किया गया है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त ईको कार टढ09 ऊॠ 3143 जो गलत नंबर प्लेट है को भी जब्त किया गया है ।आरोपी अपहर्ता से विवाह करना चाहता था इसलिए घटना को अंजाम दिया था। आरोपी को संरक्षण देने वाले शाजापुर निवासी साथियों की तलाश जारी प्रकरण में धारा 366,482,201,120 भादवि का ईजाफा किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों का विवरण 1.मुख्य आरोपी आदर्श उर्फ शुभम पिता रमेश चंद्र नायक उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम इटावा तराना हाल ग्राम कनार्दी तराना उज्जैन 2.अजय पिता गौरीशंकर पाटीदार उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कनार्दी थाना तराना उज्जैन 3.गोविंद पिता लक्ष्मी नारायण पाटीदार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम कनार्दी थाना तराना उज्जैन, सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी श्री राकेश कुमार भारती, उनि सालगराम चौहान, उनि शशिकांत गौतम, सउनि संतोष राव, प्र आर संदीप सिंह, आर अमर, आर संजय बीजापारी, महिला आर प्रतिभा की मुख्य भूमिका रही।

# श्री रामकथा के श्रवण से नष्ट होते शोक व पाप : महामण्डलेश्वर प्रकाशानंद




♦भारत टाइम्स♦

**बेंगलुरू।** राजराजेश्वरनगर में स्थित ओमकारा आश्रम में श्री राम गुरूकुल गौसेवा समिति बेंगलूरू एवं डॉ आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी मधुसूदनपुरी के सानिध्य में आयोजित श्रीराम कथा के वाचक महामण्डलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद जी के द्वारा मंगलाचरण के साथ कथा आरंभ हुआ। उन्होंने कहा कि जो वक्ति दशों इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर लेता हो वह दशरथ है। उन्होंने कहा कि और जो वक्ति दसों इन्द्रियों के वश में चला जाता जाए वह रावण है। उन्होंने कहा कि जहां दशरथ जैसे न्याय प्रिय राजा हो वहां पर भगवान राम प्रकट होते हैं, जिसे रावण को वध करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा के श्रवण से समाज, राष्ट्र व परिवार में अच्छे संस्कार आते हैं तथा मानव समाज का कल्याण होता है। इस अवसर पर कथा आयोजकर्ता श्री राम गुरूकुल गौसेवा समिति एवं बड़ी संख्या में प्रवासी मौजूद रहे।

# देवास जिले में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों ने बच्चो को पोलियो की दवा पिलाकर किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ

♦भारत टाइम्स♦

**देवास /जगदीश परमार।** कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्वयं अपनी बेटी को जिला अस्पताल में पोलियों बूथ पर ले जाकर पिलाई पोलियो की दवा देवास जिले में जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों ने बच्चो को पोलियो की दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। जनप्रतिनिधियों ने पोलियो बूथ पर पहुँचकर नन्हे बच्चो को दो बून्द पोलियो की दवा पिलाई। जिला चिकित्सालय देवास में सांसद श्री महेन्द्र सिंह सोलंकी, महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल , जिला पंचायत अध्यक श्रीमती लीला अटारिया, विधायक प्रतिनिधि श्री भरत चौधरी, श्री राजीव खण्डेलवाल ,श्री दुर्गेश अग्रवाल ,श्री राजेश यादव , सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिवेन्द्र मिश्रा ,जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.सुनील तिवारी, डॉ.एस.के खरे, ने बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई। शुभारम्भ अवसर पर सांसद श्री महेन्द्रसिंह




सोलंकी ने कहा कि पोलियो से कोई भी बच्चा ग्रसित नही होगा, आने वाले समय मे कोई भी व्यक्ति पोलियो की बिमारी वाला नही होगा। इस अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है, इसलिये सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो बूथ पर लाकर बच्चो को पोलियो की दवा पिलवाये।तीन दिवसीय अभियान में शतप्रतिशत बच्चो को पोलियो की दो बून्द दवा अवश्य पिलाये। कलेक्टर श्री गुप्ता स्वंय अपनी बेटी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और पोलियो की दवा पिलवाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे। इस कार्य में आमजन भी सक्रिय रूप से सहयोग करें। उन्होंने अभिभावको से बच्चो को पोलियो कि दवा पिलाने की अपील भी की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान प्रथम दिवस बूथ पर बच्चों को दवा पिलाई गयी।

# आत्महत्या से सम्बंधित मामले में एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** सारनाथ पुलिस ने रविवार को आशापुर फ्लाई ओवर से आत्महत्या से सम्बंधित मामले में वांछित अभियुक्त सुनील राजभर पुत्र स्व.हीरालाल राजभर निवासी सा.21/36 रुप्पनपुर पंचकोशी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 3 मई को आवेदिका निशा पाण्डेय पत्नी स्वः) राम हुलास पाण्डेय निवासी किराये का मकान अकथा थाना सारनाथ वाराणसी द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि मेरी पुत्री शिवानी पाण्डेय 28-अप्रैल को शाम को बाहर से घर आई फिर घर मे कुछ देर बाद उलटी होने लगी।जिसको मैं अपने लडके गुड्डू पाण्डेय के साथ पं० दीनदयाल हॉस्पिटल ले गई। जहां से डॉक्टर द्वारा कबीरचौरा हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। मैं अपनी पुत्री को कबीर चौरा हॉस्पिटल में भर्ती कराई जहां पर उसकी रात लगभग 11.30 बजे मृत्यु हो गई।मेरी पुत्री शिवानी का



लगभग 2 वर्षों से मनोज नाम के लड़के से प्रेम-प्रसंग था।मुझे शक है कि मेरी पुत्री शिवानी पाण्डेय ने मनोज, श्रुति व शिवानी का एक और दोस्त सुनील राजभर के कारण सुसाइड किया है। दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना सारनाथ में मु.अ.सं. 180/2024 धारा 306 भा.द.वि. पंजीकृत किया गया।जिसकी विवेचना उप निरीक्षक दुर्गेश सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दुर्गेश सिंह, उपनिरीक्षक प्रशि.देवेन्द्र सिंह,का. देवेन्द्र प्रताप सिंह रहे।

# विवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत

## दहेज हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार



♦भारत टाइम्स♦

**चौबेपुर/ वाराणसी ।** क्षेत्र के खानपुर से रविवार की सुबह संदिग्ध हालात में विवाहिता पूनम पटेल की मौत के बाद मायके वालों की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति,सास व ससुर को खानपुर स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। खानपुर निवासी शशिकांत पटेल की पत्नी पूनम पटेल 23 वर्ष की शानिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराली जनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। मृतका के पिता महेंदर पटेल निवासी चकखरावन नटवा थाना बड़ागांव का आरोप था कि पति समेत ससुराली जन मृतका को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई है। पीड़ित के पिता के तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार को पति सास ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज किया था। रविवार को एसीपी सारनाथ अतुल अंजान के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्या के आरोपित शशिकांत पटेल व ससुर बालकिशुन पटेल ,सास श्यामदुलारी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद तीनो को जेल भेज दिया ।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 95 मरिजों की हुई जांच



♦भारत टाइम्स♦

**बेंगलूरू।** सीरवी समाज एच.एस.आर लेआउट एवं अक्षय हॉस्पिटल के तत्वाधान में रविवार को सीरवी समाज भवन एच.एस.आर लेआउट में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ आईमाता के समक्ष दीप प्रज्वलित से हुआ। चिकित्सक डॉ शेल्के ज्ञानेश्वर बालासाहेब, डॉ रघुनंदन ने बताया कि शिविर में 95 लोगों का मुफ्त स्वास्थय परीक्षण किया गया। इस दौरान ह्दय रोग, मधुमेह, बीप , डायबिटीज एवं सामान्य जांच की गई। इस कार्यक्रम में वडेर के सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा, कोषाध्यक्ष भंवरलाल बर्फा, सह-कोषाध्यक्ष बाबूलाल सोलंकी, नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष महेंद्र राठौड़, नवयुवक मण्डल के सचिव मदन राठौड़, उपाध्यक्ष टीकमराम आगलेचा, मिडिया प्रभारी किशोर राठौड़ आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

**इस अवसर पर संभागायुक्त उज्जैन श्री संजय गुप्ता, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने भी बच्चों को अपने हाथों से दवा पिलाई।**

♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन /जगदीश परमार।** उज्जैन-आलोट लोकसभा सांसद श्री फिरोजिया,राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, विधायक श्री कालूहेडा, महापौर श्री टटवाल, नगरनिगम सभापति श्रीमती यादव ने पिलाई बच्चों को दवा संभागायुक्त श्री गुप्ता और कलेक्टर श्री सिंह ने भी बच्चों पिलाई दो बूंद पोलियो की दवाई राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान, दो बूंद पिलाई पोलियो की विदाई जिला में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। उज्जैन-आलोट लोकसभा सांसद श्री अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश



नाथ जी महाराज ,उज्जैन उत्तर के विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर श्री टटवाल,नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव द्वारा रविवार को पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तर पर शुभारंभ मातृ एवं शिशु चिकित्सालय, चरक भवन पर बजे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया। इस अवसर पर संभागायुक्त उज्जैन श्री संजय गुप्ता, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने भी बच्चों को अपने हाथों से दवा पिलाई। इस दौरान श्री जगदीश पांचाल, क्षेत्रीय स्वास्थ्य संचालक स्वास्थ्य सेवाएं उज्जैन संभाग डॉ. दीपक पिप्पल, स्वास्थ्य सेवाएं उज्जैन संभाग उपसंचालक डॉ. सब्यसाची तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर . के. पाल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के. सी. परमार, डॉ. निधि जैन सहित सभी गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि भारत शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निदेर्शानुसार वर्ष 2024 में राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उज्जैन में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के अन्तर्गत 0 से 5 वर्ष उम्र तक के बच्चों को दो बून्द पोलियों की दवा पिलाई गई, विभाग द्वारा इसके लिए सम्पूर्ण जिले में पोलियो बूथ भी स्थापित किये गये हैं। पोलियो की दवाई पीने से वंचित बच्चों को आगामी 24 व 25 जून को घर-घर जाकर पोलियों की दवाई पिलाई जायेंगी। पल्स पोलियो अभियान के दौरान ईंट भट्टे निर्माण स्थल, झुग्गी झोपड़िया एवं घुम्मकड़ आबादी स्थलों पर विशेष ध्यान देकर लक्ष्य की शतप्रतिशत पूर्ति का प्रयास किया जाएगा। ज्ञात हो कि भारत वर्ष विगत 12 वर्षों पूर्व पोलियो मुक्त हो चुका है, किन्तु विश्व स्तर पर अभी भी पोलियो वायरस का बच्चों मे संक्रमण अभी हमारे आसपास के देशों में विद्यमान है। अतः समस्त माता-पिता, अभिभावकों से अपील है कि अपने 0 से 5 वर्ष उम्र के सभी बच्चों को नजदिकी पोलियों बूथ पर ले जाकर पोलियों की दवाई अवश्य पिलाएं।

# दोहरीकरण के उपरांत बिल्थरारोड में कुछ ट्रेने हुई निरस्त तो कुछ का मार्ग परिवर्तन

**भटनी-औंड़िहार खंड के कीड़िहरापुर-बेलथरारोड के मध्य दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर अग्रसर।**



♦भारत टाइम्स♦

**(शीतल निर्भीक) वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा वाराणसी मंडल के भटनी- औंड़िहार खंड के कीड़िहरापुर- बेलथरारोड स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के कारण ट्रेनो का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन,रि-शिड्यूलिंग एवं नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा। इस दौरान निरस्तीकरण हुई ट्रेने वाराणसी सिटी से 21 से 27 जून, 2024 तक चलने वाली 15130 वाराणसीसिटी-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।गोरखपुर से 21 से 27 जून, 2024 तक चलने वाली 15129 गोरखपुर - वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।बनारस से 21 से 27 जून, 2024 तक चलने वाली 01748 बनारस- भटनी अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।भटनी से 21 से 27 जून, 2024 तक चलने वाली 01747 भटनी-वाराणसी सिटी अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।बनारस से 26 एवं 27 जून, 2024 को चलने वाली 15104 बनारस-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 26 एवं 27 जून, 2024 को चलने वाली 15103 गोरखपुर-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।प्रयागराज रामबाग से 26 जून, 2024 को चलने वाली 12538 प्रयागराज रामबाग - मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।मुजफ्फरपुर से 26 जून, 2024 को चलने वाली 12537 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **मार्ग परिवर्तन-** सीतामढ़ी से 21, 22, 25, 26 एवं 27 जून, 2024 को चलने वाली 14005 सीतामढ़ी-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-भटनी-मऊ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा- फेफना-मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी एकमा, चैनवा, दुरौंधा, सीवान, जीरादेई, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, लार रोड एवं बेलथरा रोड स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।आनन्द विहार टर्मिनल से 26 जून, 2024 को चलने वाली 14006 आनन्द विहार टर्मिनल- सीतामढ़ी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मऊ-भटनी-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मऊ-फेफना- छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी बेलथरा रोड, लार रोड, सलेमपुर, भटनी, भाटपार रानी, मैरवा, जीरादेई, सीवान, दुरौंधा, चैनवा एवं एकमा स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। गोरखपुर से 22 जून, 2024 को चलने वाली 15050 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग भटनी-मऊ-इन्दारा- फेफना-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग भटनी-सीवान- छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, इन्दारा, रसड़ा, बलिया एवं सुरेमनपुर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।कोलकाता से 26 जून, 2024 को चलने वाली 15049 कोलकाता- गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-फेफना-इन्दारा-मऊ- भटनी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-सीवान-भटनी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी सुरेमनपुर, बलिया, रसड़ा, इन्दारा, मऊ, बेलथरा रोड एवं सलेमपुर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। अहमदाबाद से 26 जून, 2024 को चलने वाली 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग वाराणसी जं.-मऊ-भटनी-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी जं.-शाहगंज-अयोध्या कैंट-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फल स्वरूप यह गाड़ी मऊ, भटनी एवं देवरिया सदर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। दुर्ग से 26 जून, 2024 को चलने वाली 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग वाराणसी जं.-मऊ-भटनी-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी जं.-शाहगंज-अयोध्या कैंट-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी मऊ, बेलथरा रोड, सलेमपुर, भटनी एवं देवरिया सदर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।छपरा से 27 जून, 2024 को चलने वाली 11060 छपरा- लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-भटनी-मऊ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-फेफना-मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी सीवान, मैरवा, भटनी, सलेमपुर एवं बेलथरा रोड स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। **शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन-** लखनऊ जं. से 25 एवं 26 जून, 2024 को चलने वाली 15008 लखनऊ जं.-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर गोरखपुर में यात्रा समाप्त करेगी तथा गोरखपुर-वाराणसी सिटी के मध्य निरस्त रहेगी।वाराणसी सिटी से 26 एवं 27 जून, 2024 को चलने वाली 15007 वाराणसी सिटी-लखनऊ जं. एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर गोरखपुर से चलाई जायेगी तथा वाराणसी सिटी-गोरखपुर के मध्य निरस्त रहेगी। **रि-शिड्यूलिंग-** गोरखपुर से 25 जून, 2024 को चलने वाली 19092 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर से 120 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। गोरखपुर से 25 जून, 2024 को चलने वाली 15004 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस गोरखपुर से 90 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी।वाराणसी सिटी से 27 जून, 2024 को चलने वाली 05148 वाराणसी सिटी-भटनी अनारक्षित विशेष गाड़ी वाराणसी सिटी से 100 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। गोरखपुर से 22 जून, 2024 को चलने वाली 15050 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस गोरखपुर से 60 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। **नियंत्रण-** अहमदाबाद से 20, 22, 23 एवं 25 जून, 2024 को चलने वाली 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस मार्ग में 35मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।नौतनवा से 23 जून, 2024 को चलने वाली 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस मार्ग में 35 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।गोरखपुर से 24 जून, 2024 को चलने वाली 15022 गोरखपुर-शालिमार एक्सप्रेस मार्ग में 40 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।छपरा कचहरी से 24 जून, 2024 को चलने वाली 05443 छपरा कचहरी-मऊ अनारक्षित विशेष गाड़ी मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। इस आशय की जानकारी जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को दी।

## मल्हारगढ़ में भाजपा ने डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाया वृक्षारोपण किया एवं बच्चों को पल्स पोलियो की दवाई पिलाई



♦भारत टाइम्स♦

**महेश मरेठा मल्हारगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मल्हारगढ़ नगर मे भाजपा के पित्र पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई तहसील पेरिसर ग्राउंड में स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बाल उद्यान में भाजपा के जिला महामंत्री राजेश दीक्षित एवं मंडल भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र जाट के मुख्य अतिथि में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया दीक्षित और जाट ने उपस्थित कार्यकर्ता बांधों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर को भारत में विलय के लिए अपने प्राणों की बलिदान दिया और इस देश में दो प्रधान दो विधान दो निशान नहीं चलेंगे का नारा लेकर धारा 370 हटाने की मांग लेकर कश्मीर गए वहां पर उस समय के जो वहां के शासक थे शेख अब्दुल्ला ने मुखर्जी को अरेस्ट किया और जेल में बंद कर दिया जेल में उनकी उनकी आज ही के दिन 23 जून को मौत हो गई डॉक्टर मुखर्जी ने अपना सर्वोच्च बलिदान देश के लिए दिया डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्रवादी एवं देशभक्ति ईमानदार नेता थे डॉ मुख़र्जी ने भारतीय जन संघ की स्थापना मैं उनकी बहुत बड़ी भूमिका थी वही जनसंघ वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी है और भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें की प्रेरणा से हम कार्य करते हैं और सभी कार्यकर्ताओं की भी डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए तहसील परिसर डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी बगीचे में उनकी स्मृति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया गया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर वहां पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर जितेंद्र पाटीदार एवं स्टाफ के सहयोग से दो बूंद जिंदगी के पल्स पोलियो की दवाई नवजात शिशु बच्चों को पिलाई गई और वार्ड क्रमांक 5 में भी पिलाई गई इस अवसर पर भाजपा के मंदसौर जिला महामंत्री राजेश दीक्षित भाजपा के मल्हारगढ़ मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जाट नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रकाश सेन कछावा नगर भाजपा अध्यक्ष आशीष विजय वर्गी नगर भाजपा महामंत्री मनीष चौहान मुकेश सोनी नगर परिषद उपाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष दिनेश प्रजापति शिवलाल जोशी विधायक प्रतिनिधि रमेश चंद्र विजयवर्गी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रकाश कछावा सभापति खुमान सिंह सोलंकी सभापति प्रतिनिधि हरिकृष्ण बटवाल दीनदयाल माली हरीश साहू पूर्व एल्डरमैन भंवरलाल तेलकार सनशाइन भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल कौशिक मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉक्टर योगेश कछावा पूर्व सांसद प्रतिनिधि मंडल भाजपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गहलोत मंडल भारतीय जनता युवा मोर्चा के महामंत्री कृष्णकांत सेन नगर भाजपा उपाध्यक्ष सुजानमाल राठौर बूथ अध्यक्ष राहुल लील कान्हा अटवाल सुनील राठौर सहित भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि भाजपा के सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी गण कार्यकर्ता उपस्थित है।

## मेघनगर रोटरी क्लब अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा बच्चों को दो बूंद जिंदगी पिलाकर किया पल्स पोलिया अभियान का शुभारंभ





♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** राष्ठीय सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत मेघनगर बस स्टैंड पर आयोजित टीका करण कार्यक्रम का शुभारम्भ रोटरी क्लब अपना की अध्यक्ष श्रीमती चंदनबाला शर्मा सचिव श्रीमती माया शर्मा द्वारा किया गया। मेघनगर बस स्टैंड पर बच्चों को दो बूंद जिंदगी की यानी पोलियो ड्रॉप पिलाकर रोटरी क्लब अपना की अध्यक्ष एवं सचिव ने पल्स पोलिया अभियान का किया शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधन देते हुए रोटरी क्लब की अध्यक्ष चंदनबाला शर्मा ने कहा की सभी नागरिक को संकल्प लेना चाहिए की वह अपने व अपने घर परिवार एवं आसपास के जितने भी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चें रहते है उनके अभिभावकों को कहकर सामुदायिक टीका करण केंद्र या निकट बने टीका करण बूथ पर लाकर बच्चों को पोलियों की दवा पिलवायें। मेघनगर रोटरी क्लब की सचिव माया शर्मा ने बताया की पोलियो को वल्ड से समाप्त करने के लिए रोटरी इंटरनेशनल की अहम भूमिका रही वैसे काई देशों में पोलियो समाप्त भी हो चुका है ! ओर भारत में भी लगभग समाप्त ही है अब भारत में पोलियो के नए मरिज देखने को नहीं मिलते हैं ओर मिलना भी नहीं चाहिए। रोटरी क्लब अपना के डॉक्टर किशोर नायक एवं जयंत सिंघल ने बताया की मेघनगर में तीन पोलियो बूथ बनाएं है ओर तीनों बूथ पर रोटरी क्लब जिन बच्चों को दवाई पिला रहा है उनको केटबरी बिस्किट वितरण किया किए। मेघनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएन अनील बिडवाल ने बताया की बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर स्थित बूथ पर स्टाप द्वारा बस में यात्रा कर रहे यात्री के 0 से 5 वर्ष के बच्चों रेल व बस में जाकर दवाई पिलाई जा रही है एवं रोटरी क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य भी राहगीर के साथ एसे बच्चों को बुलाकर दवाई पिलाई गई मेघनगर ब्लाक में 14 से 15 हजार बच्चों को दवाई पिलाई जाने का लक्ष्य हे। इस अवसर पर रोटरी क्लब अपना के आगामी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सोलंकी आगामी सचिव कमलेश गरवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेघनगर का स्टाफ व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इश्क़ में दोनों गए माया मिली ना राम!

## प्रेमिका से नैन लड़ाना पड़ा भारी सीओ पद से डिमोशन

**उन्नाव डिप्टी एसपी कृपाशंकर अब गोरखपुर में बन गए फिर सीओ से सिपाही**





♦भारत टाइम्स♦

**(शीतल निर्भीक) लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में डिप्टी एसपी रहे कृपा शंकर कनौजिया की एक गलती ने उनके करियर को बदल कर रख दिया। किसी निजी काम के लिए छुट्टी लेने के बाद कृपा शंकर अपने घर नहीं पहुंचे थे, और पत्नी की शिकायत पर उन्हें कानपुर के एक होटल में महिला सिपाही के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इसके बाद कृपा शंकर का डिमोशन कर उन्हें सिपाही बना दिया गया। **घटना की पृष्ठभूमि:** जुलाई 2021 में कृपा शंकर ने उन्नाव के एसपी से पारिवारिक वजहों से छुट्टी मांगी थी। छुट्टी मंजूर होने के बाद वह घर जाने की बजाय कहीं और चले गए। उनकी पत्नी ने जब उन्हें कई बार फोन किया और संपर्क नहीं हो पाया, तो परेशान होकर उन्होंने उन्नाव के एसपी से मदद मांगी। **सर्विसलांच के जरिए होटल तक पहुंची पुलिस:** पत्नी की शिकायत पर एसपी ने सर्विलांस टीम को कृपा शंकर की लोकेशन का पता लगाने के लिए लगाया। जांच के दौरान पता चला कि कृपा शंकर का मोबाइल नेटवर्क कानपुर के एक होटल में आखिरी बार एक्टिव था। पुलिस ने होटल में जांच की और उन्हें महिला सिपाही के साथ पकड़ा। **सबूत और कार्रवाई:** पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूत इकट्ठा किए, जिससे पुष्टि हुई कि कृपा शंकर और महिला सिपाही होटल में एक साथ थे। इस घटना की जानकारी राज्य सरकार को दी गई, जिसके बाद कृपा शंकर के डिमोशन की प्रक्रिया शुरू हुई। **मामले को पुलिस अधिकारियों ने लिया गम्भीरता से :** एडीजी प्रशासन ने मामले की समीक्षा के बाद कृपा शंकर कनौजिया को डिमोट कर सिपाही बनाने का आदेश जारी किया। अब कृपा शंकर की नई तैनाती गोरखपुर में 26वीं पीएसी वाहिनी में की गई है। कृपा शंकर कनौजिया के इस मामले ने यह साबित कर दिया कि व्यक्तिगत जीवन की गलतियों का प्रभाव करियर पर भी पड़ सकता है। अधिकारियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण सबक है कि वे अपने पद और प्रतिष्ठा का सम्मान बनाए रखें और अनुशासन में रहें।

## डामर सडक कार्य शुरू होने से छाई हर्ष की लहर

♦भारत टाइम्स♦



**दिनेश प्रजापत जोजावर।** आचार संहिता हटने के बाद मारवाड़ जंक्शन शहर के पंचायत समिति रोड पर राणाराम की फैक्ट्री से एफसीआई गोदाम की और डामर सड़क का कार्य प्रगति पर है। जय श्री कृष्णा साई दर्शन हेल्पलाईन ग्रुप के मुख्य प्रबंधक देवेंद्रसिंह मीणा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग की सहायक अभियंता तनुजा गहलोत से चर्चा कर जानकारी ली। अधिकारी ने बताया कि एफसीआई गोदाम रोड पर कार्य प्रगति पर है। अखावास रोड पर भी डामर सड़क कार्य किया जाएगा। सोजत मार्ग स्थित मुक्तिधाम की नदी रपट पर पुलिया का निर्माण कार्य को लेकर जानकारी मिली कि वर्षा के बाद सितंबर माह में उक्त कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस पुलिया पर 75 लाख रुपए खर्च होंगे। पुलिया बनने के बाद मारवाड़ जंक्शन से दूदौड की ओर आने-जाने के लिए वर्षा में भी नदी के ऊपर से आवागमन की सीधी कनेक्टिविटी बनी रहेगी। अभी वर्तमान में पुलिया नहीं होने से वर्षा में गांवों का आवागमन संपर्क नहीं हो पाता है। यह कार्य ठेकेदार कुंदनसिंह द्वारा किया जा रहा है। कार्य प्रारंभ होने पर देवेंद्रसिंह मीणा ने मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी का आभार व्यक्त किया है। **एफसीआई पुलिया से मानव रहित मीटरगेज फाटक होते हुए डामर सड़क बनाने की मांग:** देवेंद्रसिंह मीणा ने बताया कि वर्तमान में डामर सड़क का कार्य प्रगति पर है परंतु एफसीआई पुलिया से मानव रहित मीटरगेज लाईन होते हुए श्री गजानन आश्रम वाले मार्ग तक कच्चा मार्ग होने से परेशानी होती है इसलिए इस मार्ग पर भी डामर सड़क या सीसी सड़क की जाए। **मारवाड़ जंक्शन शहर में गहरे खड्डे दुरुस्त किए जाने की मांग :** देवेंद्रसिंह मीणा ने बताया कि पंचायत समिति के सामने, डाक बंगले के बाहर स्टेशन की ओर एवं जोधपुर रेलवे फाटक के पूर्वी छोर पर श्री शीतला माताजी मंदिर के पास कुछ खड्डे होने की वजह से आवागमन में परेशानी हो रही है , इस समस्या के समाधान को लेकर सहायक अभियंता तनुजा गहलोत व ठेकेदार कुंदन सिंह से आग्रह किया गया है, उन्होंने बताया कि प्रयास करेंगे कि इन मार्गो को दुरुस्त कर दिया जाए।

## कलेक्टर ने गांव में जाकर पिलाई 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवाई



♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** जिले में पल्स पोलियो अभियान 23 जून से 25 जून तक चलाया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जिले के गांवों में जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। कलेक्टर द्वारा विखास खंड राणापुर के टिकड़ी बोड़िया एवं उपस्वास्थ्य केंद्र ग्राम ढ़ेकल बड़ी में पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई। भ्रमण के दौरान कुछ उपस्वास्थ्य केंद्र बंद पाए गए। संबंधित से जानकारी लेने पर पता चला की उपस्वास्थ्य केंद्र की टीम गांव में फलियों में घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवाई पिला रही हैं। कलेक्टर ने स्वयं गांव के फलिए में जाकर देखा की स्वास्थ्य विभाग का अमला बहुत मेहनत कर रहा है। कलेक्टर ने कहा की कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक लेने से ना छुटे। पूरे जिले में 1046 पोलियो टीम के द्वारा बूथ स्तर एवं घर घर जाकर जीरो से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जा रही हैं। जिले में 2 लाख 4 हजार बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। इस अभियान अंतर्गत जिला अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। जो ड्यूटी अनुसार बूथ का निरीक्षण करेंगे । ग्राम पंचायत टिकड़ी बोड़िया में उपस्थित ग्रामीणों से बातचीत कर यह भी जाना कि उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा हैं या नहीं। यदि कोई पात्र व्यक्ति शासन की योजना के लाभ से वंचित हैं तो उन्हें भी शासन की योजनाओं का लाभ दी जाने के निर्देश दिए ।

## उपाध्यक्ष सोनगरा ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

♦भारत टाइम्स♦



**महेश मरेठा पिपलिया मंडी।** में वार्ड क्रमांक 4 में राष्ठीय पल्स पोलियो अभियान के तहत नगर परिषद उपाध्यक्ष भारत सिंह सोनगरा ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर वार्ड में इस अभियान की शुरुआत की अभियान के तहत जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाई गई अभियान के तहत जो बच्चे दवा पीने से वंचित रह गए हैं उन्हें घर-घर जाकर भी दवा पिलाई जाएगी इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी एवं वार्ड वासी मौजूद रहे।

## सुरक्षित खाद्य और अनुकूल जलवायु के लिए पुनर्योजित कृषि पदत्तियो को बड़ावा देने को लेकर एक दिवसीय कार्य शाला का हुआ आयोजन

**मुख्य अतिथि कृषि विशेषज्ञ श्री डां. एम. डी. व्यास जी भोपाल के द्वारा मुंगफली सोयाबिन और कई फसलों को लेकर कम लागत में ज्यादा मुनाफा कैसे कमाये, कौन सा बिज अच्छा उत्पादन दें सकता है**



♦भारत टाइम्स♦

**महेश मरेठा मल्हारगढ़ ।** सॉलिडरीडाड संस्था के माध्यम से रेतम किसान उत्पादक संगठन आफिस मल्हारगढ़ (नारायणगढ़ रोड़) " रेतम किसान उत्पादक संगठन मल्हारगढ़ " ऑफिस पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सम्पन्न हुआ । जिसमे मुख्य अतिथि कृषि विशेषज्ञ श्री डां. एम. डी. व्यास जी भोपाल के द्वारा मुंगफली सोयाबिन और कई फसलों को लेकर कम लागत में ज्यादा मुनाफा कैसे कमाये, कौन सा बिज अच्छा उत्पादन दें सकता है, प्रति एकड़ कितना बिज डाले, कितनी दुरी व कितनी मात्रा में डाले, सोयाबीन के पौधे कि लाईन कितनी दुरी होना चाहिए, कितना खाद डाले, कौनसा खाद डाले, कब डाले, सोयाबीन उपचारित कैसे करें, कौन कौन सी दवाईयों से उपचारित करें, ट्राईकोडर्मा और कल्चर उपचारित करते समय क्यु डालना चाहिए, बिज कितने प्रतिशत उग रहा है, कैसे उगायें, सोयाबीन मुंगफली में कौन-कौन से रोग आते हैं और कौन कौन से उपचार करने चाहिए, सिड ड्रिल किस प्रकार कि होना चाहिए, और डोरे किस अवस्था में चलाना चाहिए, और खरपतवार नाशक दवाई कब और किस स्थित में डालना चाहिए या नहीं डालना चाहिए, डि ए पी सिंगल सुपर फास्फेट, युरिया सल्फर, पोटोश आदि डालना चाहिए या नहीं और यदि डालना है तो कब, आदि को लेकर काफी अच्छा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ , साथ ही साथ अरविन्द सर का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसमें क्षेत्र के कई किसान, बोर्ड आफ डारेक्टर, शेयर होल्डर, सॉलिडरीडाड संस्था परिवार के सभी साथी गण उपस्थित थे, उपरोक्त जानकारी राजेश कुमार कारपेन्टर जलोदिया बोर्ड ऑफ डारेक्टर रेतम किसान उत्पादक संगठन मल्हारगढ़ ने दी।

# अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा थे डॉ. मुखर्जीः सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि

## देश की प्रतिष्ठा व अखंडता के लिए डॉ. मुखर्जी ने पद छोड़कर शुरू किया था आंदोलनः योगी...

- सीएम योगी ने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा– राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक थे डॉ. मुखर्जी
- बोले– कांग्रेस ने राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का किया था कुत्सित प्रयास





♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के मुद्दे और भारत की अखंडता को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 23 जून 1953 को अपना बलिदान दिया था। देश 1947 में आजाद हुआ और 1950 में संविधान लागू किया गया। इसके बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने देश के संविधान में धारा-370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का कुत्सित प्रयास किया था। डॉ. मुखर्जी उस समय उद्योग व खाद्य मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे थे, लेकिन सरकार की मंशा को ध्यान में रखकर उन्होंने पद छोड़ दिया और देश की प्रतिष्ठा व अखंडता के लिए कश्मीर से धारा-370 हटाने के लिए व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सिविल हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नद्रष्टा बताया।

### मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने हटाई धारा-370

सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी त्यागना पड़ा। कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है। यह कश्मीर, देश की अखंडता और सीमा की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, इंजी. अवनीश सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक थे डॉ. मुखर्जी

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने लिखा कि महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, उत्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देशवासियों के लिए महान प्रेरणा है।*

## होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में तैनात होंगे आपदा मित्र, मुख्यमंत्री का निर्देश, तैयार करें नियमावली



♦भारत टाइम्स♦

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में होमगार्ड विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा दिये गए प्रमुख दिशा-निदेर्शः कानून व्यवस्था का विषय हो अथवा आपदाकाल में जनसामान्य के सहयोग का अवसर, होमगार्ड स्वयंसेवकों ने हर समय अपनी कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया है। होमगार्ड स्वयंसेवकों की सेवाभावना सराहनीय है। विभिन्न राज्यों में भी उत्तर प्रदेश के होमगार्ड स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। वर्तमान में प्रदेश में 76 हजार से अधिक पूर्णकालिक होमगार्ड स्वयंसेवक हैं। लगभग 75 हजार ड्यूटी पॉइंट पर प्रतिस्थापित हैं। इनमें से प्रति वर्ष लगभग 4000 होमगार्ड सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## स्ट्रेस प्रबंधन : तनाव से मुक्ति की बेहतरीन कला

♦भारत टाइम्स♦



**अंकिता सिंह / लखनऊ।** मानव जीवन में तनाव और चिंता एक आम समस्या है जिससे लोग सामान्यतः गुजर रहे हैं। तनाव और चिंता का सामना करने से न केवल हमें दिनचर्या में दिक्कत होती है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। अतः इस लेख में हम आपको थोड़ी सी निदानक्ता और कटौती के साथ स्ट्रेस प्रबंधन के कुछ सरल तरीके बताने जा रहे हैं। पहली बात यह है कि हमें अपने दैनिक कार्यक्रम को संयंत्रित रूप से रखना चाहिए। एक ठोस और नियमित दिनचर्या के साथ अपने कामों को समाप्त करना, समय पर भोजन करना और पर्याप्त आराम लेना तनाव को कम करने में मदद करता है। दूसरी बात, हमें सामाजिक समर्थन का सहारा लेना चाहिए।


### तनाव प्रबंधनः स्ट्रेस से संबंधित समस्याओं को सुलझाने का कौशल

तनाव आजकल किसी भी व्यक्ति के जीवन में एक आम समस्या बन चुका है। स्ट्रेस का मतलब है जिसमें व्यक्ति अपने दिमागी और शारीरिक प्रभावों से प्रभावित हो जाता है। यह न केवल पर्यावरण और कार्यस्थल में अधिक दबाव के कारण होता है, बल्कि व्यक्ति के अंदर की मेंटल और एमोशनल स्थितियों से भी सम्बंधित है।

# ज्योतिचरण का चरणस्पर्श पा ज्योतित हुआ अमलनेर

भव्य स्वागत जुलूस के साथ युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी का अमलनेर में पावन पदार्पण

## आत्मयुद्ध से शाश्वत सुख की प्राप्ति संभव : अध्यात्मवेत्ता आचार्यश्री महाश्रमण





♦भारत टाइम्स♦

**अमलनेर। जलगांव (महाराष्ट्र)।** खान्देश क्षेत्र की धरा को अपने पावन चरणों से पवित्र बनाने वाले जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशमाधिशास्ता, महातपस्वी, ज्योतिचरण, आचार्यश्री महाश्रमणजी के चरणरज को प्राप्त कर रविवार को अमलनेर की धरा ज्योतित हो उठी। वर्षों बाद अपने आराध्य के अपने आंगन में अमलनेरवासी हर्षविभोर नजर आ रहे थे। अपने आराध्य के अभिवंदना में मानों पूरा अमलनेर उमड़ आया था। स्वागत जुलूस के साथ युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी अमलनेर में एकदिवसीय प्रवास हेतु श्री एन.टी. मुन्दडा ग्लोब व्यू स्कूल में पधारे। इसके पूर्व रविवार को प्रातःकाल की मंगल बेला में महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी ने कुर्हे खुर्द से मंगल प्रस्थान किया। आसमान में छाए बादलों के कारण सूर्य अदृश्य था तो धूप का प्रकोप भी नहीं था, किन्तु वर्षा के बाद वाली उमस लोगों के पसीने छुड़ा रही थी। मार्ग में स्थान-स्थान पर उपस्थित जनता को अपने शुभाशीष से आच्छादित करते हुए गंतव्य की ओर बढ़ते जा रहे थे। अमलेनरवासी अपने नगर में अपने आराध्य के आगमन से अति उत्साहित नजर आ रहे थे। उत्साही श्रद्धालु तो दूर मार्ग में ही पहुंचकर अपने आराध्य के चरणों का अनुगमन करने लगे। जैसे ही आचार्यश्री अपनी धवल सेना संग अमलनेर नगर की सीमा पर पहुंचे वहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने बुलंद जयघोष किया। भव्य स्वागत जुलूस के साथ आचार्यश्री अमलनेर में स्थित श्री एन.टी. ग्लोब व्यू स्कूल में पधारे। आज आचार्यश्री की मंगल सन्निधि में सूरतवासी श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।स्कूल से कुछ सौ मीटर दूर स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज नाट्य मंदिर में आयोजित मंगल प्रवचन में उपस्थित विशाल जनमेदिनी को अध्यात्मवेत्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी ने पावन प्रतिबोध प्रदान करते हुए कहा कि दुनिया में कभी-कभी युद्ध की बात सामने आती है। कोई-कोई युद्ध बहुत लम्बा चलता है तो किसी-किसी युद्ध का शीघ्र परिणाम भी आ जाता है। धर्मशास्त्रों में भी युद्ध की बात बताई गई है, किन्तु यहां आत्मयुद्ध करने की बात बताई गई है। शास्त्र में कहा गया है कि स्वयं की आत्मा से युद्ध करके शाश्वत सुख की प्राप्ति संभव हो सकती है। पदार्थों से प्राप्त होने वाला सुख अस्थायी होता है, किन्तु आत्मयुद्ध से प्राप्त सुख शाश्वत होता है। आत्मयुद्ध का अर्थ है आदमी स्वयं की आत्मा के साथ युद्ध करे। जैन आगमों में आठ प्रकार की आत्माएं बताई गई हैं। इनमें कषाय आत्मा, अशुभ योग आत्मा व मिथ्यादर्शन आत्मा। आदमी को इन तीन आत्माओं से युद्ध कर इन्हें परास्त करने का प्रयास करना चाहिए व शाश्वत सुख की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। प्रश्न हो सकता है कि इस आत्मयुद्ध को किन शस्त्रों के माध्यम से जीता जा सकता है? इसके लिए शास्त्र में बताया गया कि कषाय के साथी कोप रूपी शत्रु को उपशम रूपी शस्त्र से समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए। गुस्से को मानव का सबसे बड़ा शत्रु बताया गया है। उपशम की साधना, शांति और मृदुता की भावना का विकास करने से कोप रूपी शत्रु पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। इसी प्रकार अहंकार को मार्दव, मृदुता से, माया को सरलता से, लोभ को संतोष से जीता जा सकता है। सात्विक गुणों के द्वारा आत्मशत्रुओं पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। आचार्यश्री ने आगे कहा कि दुनिया में होने वाले बाह्य युद्ध भी शांत हों। मैत्री, अहिंसा के द्वारा कोई रास्ता निकालने का प्रयास हो। आचार्यश्री ने अमलनेरवासियों को पावन आशीर्वाद भी प्रदान किया। साध्वी प्रबलयशाजी ठाणा- 3 को भी आचार्यश्री ने शुभाशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनता को साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभाजी ने संबोधित किया। एक चतुर्मास के उपरान्त आचार्यश्री के दर्शन से हर्षित साध्वी प्रबलयशाजी ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए अपनी सहवर्ती साध्वियों के साथ गीत का संगान किया। स्थानीय तेरापंथी सभा के अध्यक्ष श्री राजेश बैदमूथा व श्री प्रतीक जैन ने अपनी आस्थासिक्त अभिव्यक्ति दी। तेरापंथ महिला मण्डल तथा सकल जैन महिला मण्डल ने पृथक-पृथक स्वागत गीत का संगान किया।

## बिजली उत्पादन में यूपी को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

### 10 नये थर्मल पॉवर प्लांट से पैदा होगी 5255 मेगावॉट बिजली

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** 23 जून योगी सरकार प्रदेश को बिजली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हुई है। इसी साल 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश धरातल पर उतरने के बाद बड़े स्तर पर बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार अगले तीन साल में 10 नये थर्मल पॉवर प्लांट के जरिए तकरीबन 5255 मेगावॉट बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी करेगी। वहीं 2030 तक प्रदेश की तीन इकाइयों की क्षमता में विस्तार करके 5120 मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। प्रदेश में जिन 10 नये थर्मल पॉवर स्टेशन को शुरू करने की कवायद चल रही है उनमें 660 मेगावॉट की ओबरा सी यूनिट–2, इस वर्ष सितंबर तक, 660 मेगावॉट की जवाहरपुर यूनिट–2, इस वर्ष जुलाई तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट–1, जुलाई 2024 तक, 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट जुलाई 2024 तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट–2, दिसंबर 2024 तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट–3, मार्च 2025 तक, 396 मेगावॉट की खुर्जा एसटीपीपी यूनिट–1 और 396 मेगावॉट की यूनिट–2, मई 2025 तक, 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री यूनिट–1 अगस्त 2027 तक और 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री, यूनिट–2 अगस्त 2027 तक क्रियाशील हो जाएगी।

## कुमावत समाज के पदाधिकारियों का हैदराबाद में हुआ सम्मान

♦भारत टाइम्स♦



**हैदराबाद।** तुमकुंटा कुमावत समाज तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्ष तिलायचा सोनाराम कुमावत के निवास स्थान तुमकुंटा पर सम्मान समारोह मे राजस्थान निमाज से पधारे पंच मांगीलाल जी डेया व सुरेश कुमार हड़ीवाल और सुरत से कुमावत समाज के सचिव बाबुलाल जी मोटावत व आप और हम के अध्यक्ष धमींचंद जी कुमावत, ओमप्रकाश हांगर, आसुराम,जयप्रकाश चांदोरा, नारायणलाल घोड़ावड़,बुधाराम होतवाल,प्रकाश मालविया, कालुराम मावर,ढगलाराम, राजुराम बाकरेचा, सी आर कुमावत, मोतीलाल भोमावत, धमार्राम डेया, अणदा राम मनावत,गिरधारीलाल मंगलोडा पटेल नगर आदि उपस्थित रहे।

## योगी सरकार के प्रयास से सब मिलकर फिर करेंगे यूपी को हरा-भरा

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए योगी सरकार की पहल पर सब मिलकर कार्य करेंगे। योगी सरकार ने सबका साथ और सबके प्रयास की बदौलत इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के हरित क्षेत्र को 9 से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 फीसदी तक ले जाना है। इसके लिए जनसहयोग भी जरूरी है। वहीं प्रदेशव्यापी अभियान में सभी विभागों व मंडलों के लिए भी लक्ष्य निर्धारण किया गया है। योगी सरकार का यह भी निर्देश है कि हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए विधिवत तैयारी भी की जाए। विभागवार तय किया गया लक्ष्य- योगी सरकार सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त करेगी। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही सकुशल पौधरोपण को लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। 18 मंडलों में भी लगेंगे पौधे, सर्वाधिक लखनऊ मंडल में अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे।

योग असरदार | योगी सरकार की पहल से फाइलेरिया पीड़ितों का जीवन हुआ आसान

# फाइलेरिया पर योग असरदार, पीड़ितों का हो रहा उपचार

♦भारत टाइम्स♦



**लखनऊ।** 23 जून योगी सरकार ने वर्ष 2027 तक प्रदेश में फाइलेरिया को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत प्रदेश भर में विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं योगी सरकार ने योग के जरिये फाइलेरिया को मात देने में बड़ी सफलता हासिल की है। योगी सरकार की पहल का ही असर है कि फाइलेरिया से पीड़ितों का जीवन नियमित योगाभ्यास और व्यायाम से आसान बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में सहयोगी संस्थाओं द्वारा लम्बे समय से समाज की मुख्य धारा से अलग-थलग पड़े फाइलेरिया मरीजों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, इंदिरानगर लखनऊ में इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डमेटोलॉजी (आईएडी) सेंटर खोला गया है, जहां फाइलेरिया मरीजों को देखभाल के तरीके, योग व प्राणायाम सिखाया जाता है। फाइलेरिया नेटवर्क और पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के कई मरीजों ने देखभाल के सही तरीके सीखकर जीवन को सहज बनाया है।

**योग और व्यायाम से सूजन हो रही कम-** योग, व्यायाम और फाइलेरिया प्रभावित अंगों की सूजन के प्रबंधन के बीच के संबंध को समझाते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डमेटोलॉजी के योग परामर्शदाता संदीप कुमार ने बताया कि उपचार प्रोटोकॉल में सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, मुद्रा और शवासन शामिल हैं। इलाज के साथ-साथ 14 दिनों तक नियमित योग और व्यायाम कराया जाता है। इसके बाद फॉलो-अप किया जाता है, तो मरीज कहते हैं कि अब तो अंधेरी सुरंग से प्रकाश की ओर आने जैसा महसूस होता है। इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डमेटोलॉजी के कार्यकारी समन्वयक विभु राज कुमार पुष्टि करते हैं कि फाइलेरिया ग्रसित होने पर शरीर का लसिका तंत्र ठीक से काम नहीं करता और लसिका एकत्र होने से अंग में सूजन हो जाती है। ऐसी स्थिति में योग व व्यायाम का अभ्यास सूजन को कम करता है और लसिका तंत्र को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करता है।

बता दें कि क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाले इस संक्रमण को फाइलेरिया के रूप में दिखने में पांच से पंद्रह साल तक लग सकता है। इसका कोई कारगर इलाज भी नहीं है, इसलिए बचाव में ही सभी की सुरक्षा निहित है। फाइलेरिया उन्मूलन के दो प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया जाता है, पहला - सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए/आईडीए) राउंड) और दूसरा- रुग्णता और दिव्यांगता निवारण प्रबंधन (एमएमडीपी)। एमएमडीपी के तहत स्वास्थ्य विभाग ने सहयोगी संस्थाओं की मदद से फाइलेरिया मरीजों को प्रभावित हिस्सों को सही तरीके से धुलने, सफाई करने, सूजन कम करने और बीमारी को बढ़ने से रोकने के लिए योग और व्यायाम के बारे में प्रशिक्षित किया है।

### योग से फाइलेरिया का असर हुआ कम, खुद कर रहे अपने दैनिक कार्य

*लखनऊ के सीतापुर रोड के छठा मील निवासी 55 वर्षीय गंगा प्रसाद ने बताया कि उनके दोनों पैर पिछले 10–12 साल से फाइलेरिया से प्रभावित हैं। इस वजह से उनकी दुकान तक बंद हो गयी और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई। काफी इलाज कराया, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। नेटवर्क से जुड़कर दिन में कम से कम दो बार व्यायाम करने, प्रभावित अंगों को धुलने, साफ करने के नियम के बारे में सीखा और आईएडी केंद्र पर उपचार भी प्राप्त किया। अब पैरों और पूरे शरीर में हल्का महसूस होता है और काफी आराम है। इसी तरह कानपुर की नेटवर्क सदस्य 34 वर्षीया सुधा देवी का कहना है कि प्रतिदिन व्यायाम करने से पैरों की सूजन लगभग खत्म हो गयी है। 11 महीने पहले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान योग और व्यायाम का अभ्यास कराया था, तब से प्रतिदिन कर रही हूं। पैर की साफ–सफाई का भी ख्याल रखती हूं। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि पिछले साल तक पैर में जिस पायल को नहीं पहन पाती थी, उसे अब आसानी से पहन लेती हूं और घरेलू काम भी आसानी से कर लेती हूं।*

### जिंदगी

यादों के पन्नो सी भारी है ये जिंदगी,
सुख और दुख के पहेलियों से भारी है ये जिंदगी,
उमर बीत जाती है इस जिंदगी के पहेलियों को सुलझाने मे,
फूलो और काटो से भरी है ये जिंदगी,
कुछ पल खुशी के दे जाती है तो कुछ पल गम्मो के,
तब ये गुजरती जिंदगी एहसास दिलाती है, रिश्तों के बगैर अधूरी है जिंदगी,
आजकल की जिंदगी के पास वक्त किसके पास है, जिंदगी को जिंदादिली से जीने के लिए,
जिंदगी तो जिए जा रहे है बस सब जिंदा रहने के लिए,
जिंदगी का लुफ्त तो बराबर चलकर होता है,
कुछ अपनों से मिल बात कर और कुछ परायो से संजो कर होता है,
जिंदगी चलती है और किसी तरीके से आगे बढ़ती है,
उमर घटती है फिर भी ये जिंदगी हर एक कदम बढ़ाती है,
सबको पता है कि जिंदगी का अंत कभी ना कभी तो होगा ही,
फिर ना जाने कंभक्त जिंदगी पे इतना भरोसा क्यों करते रहते हैं,
हर दिन जिंदगी से कुछ न कुछ उम्मीद रहती है,
कुछ सच्ची और ख्वाबो से भरी रहती है,
जिंदगी जीना है जीते जाओ दोस्तो, कब ये क्या दे बस प्यार बटोरते जाओ,
दुःख हो सुख हो सब बरदाश करना पढता है,
जिंदगी का हर एक पल अपने एहसास से गुजारना पढता है...



**अमरप्रीत बुद्धिराजा रानीगंज पश्चिम बंगाल**